

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 330

ग्वालियर, रविवार, 23 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### लता मंगेशकर की सेहत में मामूली सुधार

**मुंबई।** दिग्गज सिंगर लता मंगेशकर के प्रवक्ता ने बताया है कि वह अभी भी  में हैं। कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद लता मंगेशकर को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। उनके करोड़ों फैंस लगातार उनकी सेहत की बेहतरी की दुआ कर रहे हैं। लता मंगेशकर की हेल्थ के लेकर लगातार अपडेट जारी किया जा रहा है। अब लता मंगेशकर के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा है कि डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी देखभाल कर रही है। शुक्रवार रात बयान जारी करते हुए लता मंगेशकर के लोगों से अपील करते हुए कहा, %झूठी खबरों को हवा मत दीजिए। लता दीदी अभी आईसीयू में हैं और डॉक्टरों की अपनी टीम के साथ मिलकर उनका इलाज कर रहे हैं। लता दीदी के परिवार और डॉक्टरों को भी स्पेस की जरूरत है। बता दें कि लता मंगेशकर के परिवार की ओर से लगातार झूठी खबरें नहीं उड़ाने की अपील की जा रही है। पिछले हफ्ते भी जब लता मंगेशकर की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी तब उनके प्रवक्ता ने बयान जारी किया था कि फर्जी खबरें सर्कुलेट होते देखना बहुत डिस्टर्बिंग है। योग्य चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। प्रवक्ता ने फैंस से अपील की थी कि वो लता दीदी के लौट आने की दुआ करें।

### स्टेज पर नाचते हुए दूल्हे ने साले को मारा थप्पड़ दुल्हन ने कैंसल की शादी

**कुड्डालोर।** एक पुरानी कहावत है शादी कोई गुड्डा-गुड़िया का खेल नहीं लेकिन, यहां तो सात फेरों से पहले ही दुल्हन ने शादी से इन्कार कर दिया। मामला कुछ यूं है कि दूल्हे ने शादी समारोह में नाच के दौरान दुल्हन के भाई को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। मामला इसलिए भी रोचक है कि दुल्हन ने तय तारीख और मुहूर्त पर किसी और से शादी कर ली। घटना तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में एन पनरुती की बताई जा रही है।  यह घटना तब हुई जब दूल्हा और दुल्हन स्टेज पर नाच रहे थे तभी दुल्हन के चचेरे भाई ने जोड़े का हाथ पकड़कर उनके साथ नाचने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि जब चचेरे भाई ने उनके कंधों पर हाथ रखा और नाचने लगे तो दूल्हा चिढ़ गया। दूल्हे ने दुल्हन और उसके चचेरे भाई को धक्का दे दिया। दुल्हन के परिवार ने दावा किया है कि मंच पर उसके साथ शामिल होने पर दूल्हे ने उसे सबके सामने थप्पड़ मार दिया। बाद में दुल्हन ने शादी को रद्द करने का फैसला किया और उसके माता-पिता ने उसके फैसले को मंजूरी दे दी। हालांकि, बाद में दुल्हन को रिश्तेदारों में से एक उपयुक्त दूल्हा मिला और उसने उससे निर्धारित तिथि और समय पर एक अलग स्थान पर शादी कर ली। गौरतलब है कि शादी 20 जनवरी को होनी थी और शादी से एक दिन पहले 19 जनवरी को रिसेप्शन हुआ था, घटना उसी दिन घटी थी। दूल्हे ने पनरुती महिला थाने में शिकायत दर्ज कराकर सात लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

### अंडमान सागर में 10 दिन से फंसे थे म्यांमार के 10 मछुआरे

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक ने अंडमान सागर में 10 दिन से फंसे म्यांमार के 10 मछुआरों को सुरक्षित निकाला है। सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मलेशिया जाने वाली उनकी नौका के डूब जाने के बाद वे खाली कंटेनर ड्रमों से बने बेड़े पर तैर रहे थे। उन्होंने बताया कि मछुआरों को कार निकोबार द्वीपसमूह से 14 समुद्री मील दक्षिण से शुक्रवार को सुरक्षित निकाला गया और उन्हें स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उनकी नौका मलेशिया के रास्ते में अंडमान सागर में डूब गई, लेकिन चालक दल के सभी 10 सदस्य बेड़े पर तैरते हुए जीवित बच निकलने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि तटरक्षक को मछुआरों के बारे में सूचना मिली और उन्होंने शुक्रवार को उन्हें सुरक्षित निकाला। कुछ दिनों पहले ही भारतीय तट रक्षक ने गुजरात के अपतटीय क्षेत्र में भारतीय जल क्षेत्र से एक पाकिस्तानी नौका पकड़ी थी, जिसमें चालक दल के 10 सदस्य सवार थे। नौका का नाम यासीन है और तटरक्षक ने एक अभियान के दौरान उसे पकड़ा।

## उत्तर भारत पर शीतलहर का कहर

# मैदानी इलाकों में फिर बढ़ेगी ठंड, इन राज्यों में होगी बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कई राज्यों में एक बार फिर मौसम में बदलाव हो रहा है। राजधानी दिल्ली सहित कई राज्यों में लगातार ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 22 जनवरी से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में बारिश, ओलावृष्टि और कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में लगातार शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल है। राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है।



### गुलमर्ग और पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे

इधर कश्मीर घाटी में लगातार बर्फबारी के बीच लोगों को अब ठंड से थोड़ी राहत मिली है। गुलमर्ग और पहलगाम पर्यटन स्थलों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक घाटी के ज्यादातर हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 2.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो पिछली रात की तुलना में 2.2 डिग्री अधिक था। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के प्रसिद्ध स्केटिंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### मध्य प्रदेश के इन जिलों में बारिश

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि आंधी, ओलावृष्टि और बारिश के पूर्वानुमान के बीच मध्य प्रदेश के 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ढ्ढरूष्ठ ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम और घने कोहरे का येलो अलर्ट भी जारी किया है। IMD के भोपाल कार्यालय में वरिष्ठ मौसम विज्ञानी पीके साहा ने कहा कि चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सेंट्रल मध्यप्रदेश के ऊपर है, वहीं एक अन्य चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दक्षिण पाकिस्तान और इससे सटे दक्षिण पश्चिम राजस्थान पर बना हुआ है। इससे मध्य प्रदेश में नमी बनी हुई है।

### दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में चलेंगी तेज हवाए

आईएमडी ने कहा है कि दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के चलते आसमान में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और यूपी में आज और कल तेज हवाएं चलेंगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में 24 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में जानकारी दी गई है कि 24 जनवरी तक बिहार, बंगाल, झारखंड और सिक्किम के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की संभावना है। 23 जनवरी तक आंधी-तूफान की भी संभावना है और कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।

## राहुल ने केंद्र पर जन अधिकारों के हनन का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार पर जनता के अधिकारों का हनन करने की कोशिश का आरोप लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जन अधिकारों के बिना कुछ भी नहीं है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे मौलिक और जन अधिकारों के बिना भारत की कल्पना कर सकते हैं? राहुल ने ट्वीट किया, जन अधिकारों के बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का क्या मतलब है? मोदी सरकार शुरू से ही जनता के अधिकारों को नष्ट करने की कोशिश करती रही है। राहुल ने कुछ अधिकारों को गिनाते हुए कहा, भोजन का अधिकार- ताकि किसी को भूख का सामना ना करना पड़े। शिक्षा का अधिकार- आज बच्चा-बच्चा स्कूल जाता है, एक बेहतर कल बनाता है, अपने लिए और देश के लिए। रोजगार का अधिकार- भाजपा के कट्टर विरोध के बावजूद  ने जनता को रोजगार की सुरक्षा दी। कोविड के मुश्किल समय में भी इससे देशवासियों को सहारा मिला। राहुल गांधी ने आगे कहा कि सूचना का अधिकार- लोकतंत्र का दूसरा नाम पारदर्शिता है। जनता को सवाल करने और जवाब पाने का अधिकार है। आरटीए भी यूपीए ने दिया।



## शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में  यानी 22 जनवरी को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में भारतीय सेना को सफलता मिली है। सेना ने एक आतंकवादी को ढेर कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के किलबाल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर कर तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे, उसी दौरान छिपे आतंकवादियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक गोलीबारी जारी थी। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा  पर सशस्त्र बलों के लिए 2021 को ऐतिहासिक साल रहा। भारतीय सेना के एक टॉप ऑफिसर ने शनिवार को यह बात कही।



## सीएम का चेहरा मैं ही हूं, वो मैंने चिढ़ कर कहा था: प्रियंका



नई दिल्ली(ईएमएस)। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का कहना है कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में पूरी शक्ति से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकास, बेरोज़गारी, महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा के जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए वो मुद्दे मुख्य तौर पर कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस जनता की आवाज़ उठा रही है, आशा है कि इसका नतीजा अच्छा होगा। यूपी में कांग्रेस पार्टी की तरफ से सीएम कैंडिडेट को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा, सीएम का चेहरा कौन बनेगा और कौन नहीं। ये पार्टी का तरीका है। मैं ये नहीं कह रही हूं कि सीएम का चेहरा मैं ही हूं। वो मैंने चिढ़ कर कह दिया क्योंकि बार-बार वो ही सवाल पूछे जा रहे थे। प्रियंका ने कहा, सभी राजनीतिक दल असलियत को छुपाकर चुनाव के समय ऐसे मुद्दे उठाना चाह रहे हैं जो जज़्बाती हैं जैसे जाति, सांप्रदायिकता पर आधारित मुद्दे क्यों?कि वो विकास की बात नहीं करना चाहते हैं। इससे नुकसान सिर्फ जनता और ?फायदा राजनीतिक दलों का होता है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस सरकार ने बेरोज़गारों नौजवानों के लिए क्या किया है? चुनाव आता है तो कहते हैं कि 25 लाख नौकरियां देंगे, कभी ये समझाया है कि रोज़गार कहां से आएगा? हमने ये कहा कि हम 20 लाख नौकरियां देंगे, हमने हवा में नहीं कहा। हमने पूरा घोषणापत्र निकाला है।

## मुंबई के तारदेव इलाके की बिल्डिंग में भीषण आग

# मृतकों के परिजनों 2 लाख और घायलों को 50 हजार मुआवजा देगी केंद्र सरकार



**महाराष्ट्र।** मुंबई में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के तारदेव में भाटिया अस्पताल के पास कमला इमारत की 20वीं मंजिल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग 18वें मंजिल पर लगी है। बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई है। इन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में मृतकों के परिजनों के लिए क्क्रूत्रस्न से प्रत्येक को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं राज्य मंत्री आदित्य ठाकरे ने मृतक के परिवारों को 5 लाख रुपए देने का ऐलान किया। CFO हेमंत परब ने कहा कि अबतक 28 लोग घायल हुए हैं। इन्हें विभिन्न अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। बिल्डिंग में अग्निशमन की व्यवस्था है लेकिन वो किसी कारण से नहीं हुई जिससे ये हादसा हुआ। धुएं के कारण बिल्डिंग में मौजूद लोगों की तबियत खराब हुई। डीएसपी सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि दमकल की 21 गाड़िया आई हैं। ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय पुलिस की मदद ली गई। अनुमान है कि 15वें मंजिल पर आग लगी और ऊपर तक गई। 19वां फ्लोर अधिक प्रभावित हुआ है। 15 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। शहर की मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा कि 6 वृद्धि को ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम की जरूरत थी। उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन धुआं बहुत ज्यादा है।

### पीयूष गोयल ने जताया दुख

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि मुंबई के तारदेव स्थित बिल्डिंग में आग लगने की दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति में अपनी गहरी संवेदनायें प्रकट करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ट्वीट कर लिखा, मुंबई स्थित तारदेव क्षेत्र में इमारत में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें व परिजनों को इस पीड़ा को सहन करने का सम्बल दें।

## गोवा में गठबंधन को लेकर सोनिया गांधी के पास गई थीं ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** गोवा विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी खुद सोनिया गांधी के पास गई थीं लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। टीएमसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन के वर्मा ने ये जानकारी दी। वर्मा ने कहा, ममता बनर्जी खुद कुछ हफ्ते पहले सोनिया गांधी के पास गई थीं। उन्होंने सोनिया गांधी से कहा कि अतीत में जो हुआ है उसे पीछे छोड़ दें और 2022 में एक नई शुरुआत करते हैं। बता दें कि कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करने की बहुत इच्छुक नहीं है। उसने ममता की पार्टी को एक अविश्वसनीय सहयोगी कहा, जो अपनी कीमत पर बढ़ने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर टीएमसी के अलगाव ने ममता बनर्जी को उस तक पहुंचने के लिए मजबूर किया है।



टीएमसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन के वर्मा ने कहा, ममता बनर्जी ने कुछ हफ्ते पहले सोनिया गांधी से संपर्क किया था। इस पर सोनिया जी ने कहा कि वह अपने पार्टी नेतृत्व के साथ इस पर चर्चा करने के बाद जवाब देंगी। लेकिन आज तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मामले की पुष्टि करते हुए, टीएमसी की गोवा प्रभारी महुआ मोइत्रा ने बताया कि कांग्रेस ने कहा था कि वे दो सप्ताह में वापस जवाब देंगे लेकिन कुछ भी आगे नहीं बढ़ा है। कांग्रेस और टीएमसी के बीच संबंध 2021 में सबसे निचले स्तर पर पहुंच हैं। टीएमसी ने तब भाजपा के खिलाफ लड़ने में कथित विफलता को लेकर कांग्रेस पार्टी की आलोचना की थी और कांग्रेस को एक अक्षम और असमर्थ÷ पार्टी के रूप में करार दिया था। टीएमसी ने कहा था कि कांग्रेस डीप फ्रीजर में चली गई है। 24 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए वर्मा ने कहा कि फरवरी में होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच गठबंधन का प्रस्ताव बिना किसी सकारात्मक प्रतिक्रिया के चलते विफल रहा।

### दक्षिण भारत में काल बना हुआ है कोरोना

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में हालांकि कोरोना के मामलों ने थोड़ी राहत दी हो लेकिन दक्षिण भारत में कोरोना केस अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में कोरोना के मामले डराने वाले हैं।  कर्नाटक में कोविड-19 के मामलों का तेजी से बढ़ना जारी है। शुक्रवार को राज्य में 48,049 नये मामले सामने आए और 22 और लोगों की महामारी से मौत हो गई।

## केरल में कोरोना का कहर, पूजापुरा सेंट्रल जेल में पॉजिटिव मिले 262 कैदी मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** केरल में कोरोना की रफ्तार लगातार तेजी से बढ़ती जा रही है। प्रदेश के तिरुवनंतपुरम में पूजापुरा सेंट्रल जेल में 262 कैदी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। पिछले तीन दिनों में 936 कैदियों पर एंटीजन टेस्ट किए गए, जिनमें से 262 सेंपल पाए गए। इसके बाद से जेल में हड़कंप मच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जेल अधीक्षक ने मांग की है कि संक्रमित कैदियों की देखभाल के लिए विशेष चिकित्सक नियुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि संक्रमति कैदियों को एक अलग सेल ब्लॉक में ले जाया गया है। इस बीच, कन्नूर की केंद्रीय जेल में 10 कैदियों में कोरोना का संक्रमण मिला है। संक्रमित मरीज कोझीकोड और कासरगोड के रिमांड कैदी हैं। इन कैदियों को अलग सेल ब्लॉक में आइसोलेट किया गया है। जेल में बंद अन्य कैदियों के और भी परीक्षण किए जा रहे हैं। बता दें कि केरल में शुक्रवार को 41,668 ताजा संक्रमणों के साथ यहां मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। तिरुवनंतपुरम 7,896 पर सकारात्मक मामलों की सूची में सबसे ऊपर है। राज्य सरकार ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए नए प्रतिबंध लगाए हैं। केरल सरकार ने राज्य में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर, गुरुवार को ताजा प्रतिबंधों की घोषणा की।

# पीएम मोदी ने कहा, पिछले सात साल में देश में पीछे रह गए इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया

### विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों के साथ पीएम ने किया संवाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकास के मामले में पिछड़े जिले पहले देश की प्रगति के आंकडों को भी नीचे कर देते थे, लेकिन पिछले 7 साल में इन जिलों में विशेष ध्यान दिया गया और उन्हें आकांक्षी जिलों के रूप में पेश किया गया, यहीं जिले आज गतिरोध की बजाए गतिवर्धक बन रहे हैं। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने ये कहा। इस मौके उन्होंने जिलों में केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के 75 साल की लंबी यात्रा के बाद भी देश में कई जिले पीछे ही रह गए। समय के साथ इन जिलों पर पिछड़े जिलों का तमगा लग गया था। एक तरफ देश के सैकड़ों जिले प्रगति करते रहे, दूसरी तरफ ये पिछड़े जिले और पीछे हो गए।उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के आंकड़ों को भी ये जिले नीचे कर देते थे।इसकी वजह से जो जिले अच्छा भी कर रहे होते थे,उसमें भी निराश आती है। उन्होंने कहा, देश में पीछे रह गए इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया। आज आकांक्षी जिले देश के



आगे बढ़ने के अवरोध समाप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जिले पहले कभी तेज प्रगति करने वाले माने जाते थे, आज कई मानकों में आकांक्षी जिलों ने भी उनसे अच्छा काम करके दिखाया है। उन्होंने कहा, आकांक्षी जिलों ने विकास के अभियान में हमारी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। उस नया स्वरूप दिया है। संविधान की जो भावना है,उस मूर्त स्वरूप देता है। इसका आधार है, केंद्र राज्य और स्थानीय प्रशासन का टीम वर्क। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई जिलों ने कुपोषण पर बहुत अच्छा काम किया है,तब कुछ जिलों ने पशुओं के टीकाकरण पर बहुत बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे राज्य में जहां 30 प्रतिशत पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध था आज वहां 90 प्रतिशत तक नल से शुद्ध पानी पहुंच रहा है।

### तेज गति वाले जिलों पर भी भारी पड़ रहे आकांक्षी जिले

जिलाधिकारियों को संबोधित कर प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जिले पहले कभी तेज प्रगति करने वाले माने जाते थे, आज कई मानकों में आकांक्षी जिलों ने भी उन जिलों से अच्छा काम करके दिखाया है।पीएम ने कहा, आकांक्षी जिलों ने विकास के अभियान में हमारी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। उसे नया स्वरूप दिया है। संविधान की जो भावना है उसे मूर्त स्वरूप देता है। इसका आधार है केंद्र राज्य और स्थानीय प्रशासन का टीम वर्क। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई जिलों ने कुपोषण पर बहुत अच्छा काम किया है।वहीं कुछ जिलों ने पशुओं के टीकाकरण पर बहुत अच्छा कम करके दिखाया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### हरभजन कोरोना संक्रमित हुए, लीजेंड्स लीग नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली** । दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इस कारण हरभजन मस्कट में जारी लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में भाग नहीं ले पायेंगे। भज्जी के नाम से लोकप्रिय यह स्पिनर अभी अपने घर पर ही पृथकवास में है। पिछले माह ही खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले हरभजन में कोविड-19 के हल्के लक्षण हैं। हरभजन ने ट्वीट किया, ''कोविड के लिये मेरा परीक्षण पॉजिटिव आया है और मुझे हल्के लक्षण हैं। मैं घर पर ही पृथकवास पर हूं और हर तरह की जरूरी सावधानी बरत रहा हूं।'' उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए मैं मेरे संपर्क में आने वाले लोगों से जल्द से जल्द अपना परीक्षण करवाने का अनुरोध करता हूं।

### इन्दौर प्रेस क्लब में कैरम और टेबल टेनिस स्पर्धा 30 जनवरी से

**इन्दौर** । इन्दौर प्रेस क्लब द्वारा आगामी 30 जनवरी से प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष जीवन साहू की स्मृति में कैरम एवं वरिष्ठ पत्रकार अतुल लागू की स्मृति में टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब सदस्यों एवं मीडियाकर्मियों के लिए ये दोनों स्पर्धां इन्दौर प्रेस क्लब में आयोजित की जाएंगी। इन्दौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ इन्दौर प्रेस क्लब कार्यालय में अशोक गौड़ के पास 25 जनवरी तक दे सकते हैं। दोनों स्पर्धां नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेली जाएंगी। दोनों स्पर्धाओं में सिर्फ सिंगल्स के मुकाबले होंगे। स्पर्धाओं के सफल संचालन के लिए 21 जनवरी को आयोजन समिति गठित की गई। टेबल टेनिस के लिए वरिष्ठ पत्रकार विभूति शर्मा संयोजक होंगे। समिति में किरण वाईकर, राहुल वावीकर, सुभाष सातालकर और मयंक यादव को शामिल किया है। कैरम के लिए वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्यागी संयोजक होंगे।

### ऋषभ को फिनिशर के तौर उतारना चाहिये - गावस्कर

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के अनुसार भारतीय टीम को अब महेन्द्र सिंह धोनी जैसा ही एक फिनिशर तैयार करना होगा। गावस्कर के अनुसार फिनिशर के तौर पर ऋषभ पंत सबसे अच्छे खिलाड़ी रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या फिनिशर की भूमिका के लिए तैयार किये जाएंगे पर फिट नहीं होने के कारण वह लंबे समय से टीम से बाहर हैं। ऐसे में इस भूमिका के लिए ऋषभ सबसे पहली पसंद के तौर पर उभरे हैं। गावस्कर ने कहा कि ऋषभ ने पहले दोनों एकदिवसीय मैचों में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। उन्होंने शुक्रवार को पार्ल में दूसरे मैच में शानदार 85 रन बनाए थे। इसके बाद भी गावस्कर मानते हैं कि इस आक्रामक बल्लेबाज को नंबर 6 पर उतारना ज्यादा फायदेमंद रहेगा। है। उन्होंने कहा, पहले मैच में शिखर धवन और विराट कोहली के बीच शानदार साझेदारी के बाद मध्य क्रम लड़खड़ा गया।

**आईसीसी ने जारी किया कार्यक्रम**

# टी20 विश्व कप 2022 में फिर होगा भारत-पाकिस्तान में महामुकाबला



**दुबई** । इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्व कप के साल 2022 सत्र के कार्यक्रम को घोषित किया है। यह टूर्नामेंट 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच होगा जिसमें 16 टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के सात शहरों में खेला जाएगा। इसमें भाग लेने वाली 12 टीमों का फैसला पहले ही हो गया है। वहीं चार अन्य टीमों का चयन ग्लोबल क्वालिफाइंग के द्वारा किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में एक बार फिर प्रशंसकों को परंपरागत प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान के बीच महा मुकाबला देखने को मिलेगा।


इसकी सुपर 12 टीमों में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है जबकि भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को ग्रुप 2 में शामिल किया गया हैं। सुपर 12 सिडनी में शुरू होगा जिसमें यूएई में 2021 टी20 विश्व कप के दो फाइनलिस्ट के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। इस प्रकार इसमें न्यूजीलैंड का मुकाबला मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। इसके एक दिन बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टक्कर होगी। पाकिस्तान और भारत और ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड मैचों के अलावा अन्य मुकाबले सुपर 12 चरण में संभावित प्रमुख खेलों के रूप में सामने आएंगे। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें 1 नवंबर को ब्रिस्बेन के गाबा में आमने सामने होंगी, यह दोनों टीमों का ग्रुप मैच है। साथ ही सुपर 12 चरण में पाकिस्तान का सामना एडिलेड में बांग्लादेश से होगा। यह टूर्नामेंट 6 दिवसीय ग्रुप चरण के साथ शुरू होगा। पहला दौर सुपर 12 के लिए क्वालीफाई करने के लिए अंतिम चार टीमों का निर्धारण करने के लिए होगा। श्रीलंका और नामीबिया के साथ ग्रुप ए में दो और क्वालीफायर शामिल होंगे, जिसमें वेस्ट इंडीज और स्कॉटलैंड ग्रुप बी में ग्लोबल क्वालीफायर से दो अतिरिक्त टीमों के साथ शामिल होंगे। पहले दौर में होबार्ट के बेलेरिव ओवल और जिलॉन्ग के कार्डिनिया पार्क में वैकल्पिक दिनों में आयोजित होने वाले दैनिक डबल-हेडर (एक दिन में दो मैच) शामिल होंगे जिसके बाद सभी ग्रुप ए और ग्रुप बी मैच तस्मानियाई शहर में आयोजित किए जाएंगे।

### आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 पूरा कार्यक्रम इस प्रकार है

**राउंड 1 क्वालिफायर**
16 अक्टूबर : श्रीलंका बनाम नामीबिया - सुबह 9:30 : कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
16 अक्टूबर : Q2 बनाम Q3 - दोपहर 1:30 - कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
17 अक्टूबर : वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड सुबह 9:30 बजे - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
17 अक्टूबर - Q1 बनाम Q4 - दोपहर 1:30 बजे - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
18 अक्टूबर - नामीबिया बनाम Q3 - 9:30 पूर्वाह्न - कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
18 अक्टूबर - श्रीलंका बनाम दूसरी तिमाही - दोपहर 1:30 बजे - कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
19 अक्टूबर - स्कॉटलैंड बनाम Q4 - सुबह 9:30 - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
19 अक्टूबर - वेस्ट इंडीज बनाम Q1 - दोपहर 1:30 - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
20 अक्टूबर - श्रीलंका बनाम Q3 - सुबह 9:30 - कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
20 अक्टूबर - नामीबिया बनाम Q2 - दोपहर 1:30 - कार्डिनिया पार्क, जिलॉन्ग
21 अक्टूबर - वेस्ट इंडीज बनाम Q4 - सुबह 9:30 - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
21 अक्टूबर - स्कॉटलैंड बनाम Q1 - दोपहर 1:30 बजे - बेलेरिव ओवल, होबार्ट

**सुपर 12: ग्रुप 1**
22 अक्टूबर - ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड - दोपहर 12:30 बजे - एससीजी, सिडनी
22 अक्टूबर इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान - शाम 4:30 बजे - पर्थ स्टेडियम
23 अक्टूबर - A1 बनाम B2 - सुबह 9द्व30 - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
25 अक्टूबर - ऑस्ट्रेलिया बनाम ए1 - शाम 4:30 बजे - पर्थ स्टेडियम
26 अक्टूबर - इंग्लैंड बनाम बी 2 - सुबह 9:30 - एमसीजी, मेलबर्न
26 अक्टूबर - न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान - दोपहर 1:30 बजे - एमसीजी, मेलबर्न
28 अक्टूबर - अफगानिस्तान बनाम बी 2 - सुबह 9:30 - एमसीजी, मेलबर्न
28 अक्टूबर - इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया - दोपहर 1:30 बजे - एमसीजी, मेलबर्न
29 अक्टूबर - न्यूजीलैंड बनाम ए1 - दोपहर 1:30 बजे - एससीजी, सिडनी
31 अक्टूबर - ऑस्ट्रेलिया बनाम बी2 - दोपहर 1:30 बजे - गाबा, ब्रिस्बेन
1 नवंबर - अफगानिस्तान बनाम ए1 - सुबह 9:30 - गाबा, ब्रिस्बेन
1 नवंबर - इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड- दोपहर 1:30 बजे - गाबा, ब्रिस्बेन
4 नवंबर - न्यूजीलैंड बनाम बी 2 - सुबह 9:30 - एडिलेड ओवल, एडिलेड
4 नवंबर - ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान - दोपहर 1:30 बजे - एडिलेड ओवल, एडिलेड
5 नवंबर - इंग्लैंड बनाम ए1 - दोपहर 1:30 बजे - एससीजी, सिडनी

**ग्रुप- 2**
23 अक्टूबर - भारत बनाम पाकिस्तान - दोपहर 1:30 बजे - एमसीजी, मेलबर्न
24 अक्टूबर - बांग्लादेश बनाम ए2 - सुबह 9:30 - बेलेरिव ओवल, होबार्ट
24 अक्टूबर - दक्षिण अफ्रीका बनाम बी1 - दोपहर 1:30 बजे- बेलेरिव ओवल, होबार्ट
27 अक्टूबर - दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश - सुबह 8:30 - एससीजी, सिडनी
27 अक्टूबर - भारत बनाम ए2 - दोपहर 12:30 बजे - एससीजी, सिडनी
27 अक्टूबर - पाकिस्तान बनाम बी1 - शाम 4:30 बजे - पर्थ स्टेडियम, पर्थ
30 अक्टूबर - बांग्लादेश बनाम बी1 - सुबह 8:30 - गाबा, ब्रिस्बेन
30 अक्टूबर - पाकिस्तान बनाम ए2 - दोपहर 12:30 बजे - पर्थ स्टेडियम, पर्थ
30 अक्टूबर - भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - शाम 4:30 बजे - पर्थ स्टेडियम, पर्थ
2 नवंबर - बी1 बनाम ए2 - सुबह 9:30 - एडिलेड ओवल, एडिलेड
2 नवंबर - भारत बनाम बांग्लादेश - दोपहर 1:30 बजे - एडिलेड ओवल, एडिलेड
3 नवंबर - पाकिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका - दोपहर 1:30 बजे - एससीजी, सिडनी।



लंदन में आर्सेनल और लीवरपूल के बीच मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।








# शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने विद्यार्थी : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

### शिक्षा के साथ-साथ रोजगार की भी अति आवश्यकता है : ओ पी एस भदौरिया

### सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया राज्यमंत्री नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कलश मैरिज गार्डन का शुभारंभ किया



**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा 30 शिक्षा की हम सबके ज्ञान को विकास और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ती है जब हम शिक्षा के क्षेत्र में निपुण होंगे तो हम अपने जिले का नाम बाहर देश और विदेशों में भी रोशन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है हर क्षेत्र में खेल शिक्षा एवं आत्म निर्भर की दिशा से जोड़ने के लिए कई योजनाओं को संचालित कर रही है जिसका हम सब लाभ लेकर आगे बढ़े तभी हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे। यह उद्गार उन्होंने भिंड शहर के वार्ड क्रमांक 4 भीम नगर के कलर्स मैरिज गार्डन के नवीन प्रतिष्ठान का लोकार्पण एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के मकर संक्रांति के अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने कहा की मकर संक्रांति का पर्व हिंदुओं के आस्था का केंद्र है जिसे हम बड़ी धूमधाम के साथ बनाते हैं। आप सभी को बहुत-बहुत संक्रांति की शुभकामनाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर आगामी चुनाव के लिए 2023 एवं 2024 के लिए हम तैयार रहें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार भी हर व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है जब रोजगार हमें मिलेगा तब हम अनेक योजनाओं को अपने हाथ में ले सकेंगे क्योंकि शिक्षा और रोजगार दोनों ही व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है और मेरे विधानसभा उपचुनाव में जिन लोगों ने कड़ी मेहनत की मैं उनका कभी भूल नहीं सकता और आप सभी के साथ मिलकर सत्ता और संगठन की ताकत को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मैरिज गार्डन के संचालक टीकम सिंह कुशवाह अजीत सिंह कुशवाह एवं जीतेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने साथियों के साथ डॉक्टर अरविंद्र सिंह भदौरिया एवं ओ पी एस भदौरिया को श्री कृष्ण की आकर्षक प्रतिभा देकर स्मृति चिन्ह के रूम में भेंट किया और उनका पुष्पा वर्षा से स्वागत किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया एवं नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने फीता काटकर लोकार्पण किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया, राजीव सिंह भदौरिया, अनिल सिंह भदौरिया, अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया, रोमेश कृष्ण शास्त्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जहरीली शराब कांड में शराब बनाने के लिए केमिकल की हो रही पड़ताल

**भिण्ड।** जहरीली शराब कांड में बनाने के लिए ओपी (केमिकल) कहां से आई? यह सवाल के हल पुलिस और आबकारी विभाग के अफसर अपने अपने स्तर पर जुटे हुए। ओपी के रिकॉर्ड की तलाश को लेकर आबकारी टीम भिंड के डिडी स्थित डिसलरी पहुंची। यहां आबकारी अफसरों ने बारीकी से छानबीन की और कुछ दस्तावेजों को जब्त किए। शुक्रवार की रात भिंड के डिडी पर स्थित डिसलरी में ओपी तैयार किए जाने और उसे सप्लाई किए जाने का रिकॉर्ड तलाश करने पहुंचे। यहां आबकारी अफसरों ने ओपी सेक्शन को देखा। टैंकर में ओपी भरने से लेकर डिलेवरी सिस्टम को बारीकी से जांचा। इस दौरान मुरैना की आबकारी अधिकारी निधि जैन और भिंड की आबकारी अफसर बसंती भूरिया की टीम ने संयुक्त पड़ताल की है।

### पिछले महीने में कितनी ओपी तैयार हुई

आबकारी अफसरों को शक है कि जहरीली शराब के लिए ओपी सप्लाई की गई है वो ओपी भिंड के आसपास तैयार हुई है। इसी आधार पर विभागीय अफसरों डिडी पर स्थित डिसलरी पर छापामार कार्रवाई की थी। जिला आबकारी अफसर भूरिया का कहना है कि पिछले महीनों में डिसलरी में कितनी ओपी तैयार हुई और कहां कहां सप्लाई है इस की पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर के भाटन ताल के पास से शनि देव की मूर्ति ले गए चोर

**भिण्ड।** लहार नगर के तालेश्वर मंदिर बाटन ताल के किनारे वर शनिदेव का मंदिर था जहां पर लोग दूर-दूर से दर्शन करने के लिए आते थे या एक शनिदेव का प्रसिद्ध मंदिर था जहां पर शनि देव महाराज एवं अन्य ग्रहों की मूर्तियां स्थापित थी जिसमें से शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात लोग शनि देव की मूर्ति को उखाड़ कर ले गए सुबह जब लो दर्शन करने के लिए पहुंचे तो वहां से शनि देव की मूर्ति गायब थी जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने लाल बिहार पुलिस प्रशासन को दी खबर लगते ही लहार थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया एवं एस डी एम ए आर प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा छानबीन की उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया की जल्द ही मूर्ति चोरी करने वाले पकड़ लिए जाएंगे मामले को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है कुछ लोगों का अनुमान है कि मूर्ति नशेड़ी लोगों की हरकत हो सकती है फिलहाल हकीकत क्या है ? पुलिस जल्द ही सामने लाकर लोगों के सामने रखेगी।



### फसल सुरक्षा के लिए गौ अभ्यारण्य बनाया जावे

**भिण्ड।** भारतीय किसान संघ ब्लॉक अटेर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र भदौरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल नें म.प्र. के सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया से भेंट कर किसानों के दर्द की जानकारी बताते हुए कहा कि आजकल कडाके की सर्दी पड़ती रही है, फिर भी किसान अपने फसलों की रखवाली करने के लिए खेतों पर रात्रि भर जागरण कर रहा है, फिर भी ये जानवर पलभर में फसल उजाड़ देते है, फसल सुरक्षा के लिए स्थायी समाधान होना चाहिए, चंबल सिन्ध, क्वारी के बीहड़ों में लाखों एकड़ जमीन बेकार पडी है, यहाँ गौ अभयारण्य खोल देना चाहिए जिससे गौमाता की भी सुरक्षा होगी और किसान भी खुशहाल होगा भिंड जिले में लगभग 22 हजार पांच सौ एकड़ जमीन गौचर की और इतनी ही जमीन मंदिरों की है, यह जमीन भूमाफियाओं के कब्जों से छुड़ा कर गौशालाएं बनाई जावे अगर किसान हित में सरकार उपरोक्त समस्या का समाधान नहीं करतीहै तो हजारों किसानों को खेती छोड़कर भागना पडेगा कर्ज के बोझ तले किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो जायेगा प्रति निधि मंडल में कुलदीप भदौरिया, लक्ष्मण सिंह नरवरिया, बदनसिंह भदौरिया, रंजीत दुवे रामस्वरूप गुर्जर, जबरसिह कुशवाहा आदि शामिल हुए।

### फिर हुई बेमौसम बारिश, फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका

**भिण्ड।** जिले में शनिवार की अल सुबह को जोरदार बारिश हुई। जिससे शहर सहित अंचल के कई गाँव में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण अंचल के किसानों के खेतों में बारिश का भरा पानी अभी ठीक तरह से सूख भी नहीं पाया था। कि शनिवार को एक बार फिर झमाझम बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में बेमौसम हुई बारिश से किसानों की चना, मसूर, मटर, सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। कई किसानों का कहना है। कि इस समय सरसों फूल पर है। बारिश और हवा के कारण सरसों टूटकर खेतों में गिर गई है। जिससे सरसों की फसल को भी क्षति पहुंची है।



### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में बैठक 25 जनवरी को

**भिण्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीष कुमार एस की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के रूप में 25 जनवरी 2022 को जिले में जिला स्तरीय 12 राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में प्रातः 11.00 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह में बीएलओ केन्द्र पर मतदाताओं को शपथ दिलायेंगे। इसके उपरात नवीन मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित करेंगे। ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और मतदाता सूची मे पंजीकृत नहीं है. उनके प्रारूप 6 बीएलओ द्वारा प्राप्त किए जायेंगे। साथ ही मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के फार्म एवं सशोधन, फोटो खराब के लिए प्रारूप भी बीएलओ द्वारा प्राप्त किए जायेंगे। उक्त समारोह में कोविट गाइडलाईन का पालन किया जायेगा। आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाईन एप तैयार किया गया है जिसके माध्यम से मतदाता सभी प्रकार के आवेदन कर सकता है। मतदाता जागरूकता (स्वीप प्लान) के अंतर्गत सराहनीय कार्य करने वाले बी.एल.ओ अधिकारी कर्मचारी

# घर चलो, घर-घर चलो' अभियान के तहत घर-घर जाएंगे कांग्रेसी



### - बाल कांग्रेस का गठन कर आधा दर्जन बच्चों को दिलाई सदस्यता

**भिण्ड।** शहर कांग्रेस कमेटी भिण्ड द्वारा शुक्रवार को कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा ने की एवं नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बाल कांग्रेस के गठन को लेकर चर्चा हुई, बाल कांग्रेस के सदस्य के रूप में अक्षत जैन, कृष्णा शर्मा, शुभम सोनी, दिलीप जैन, राजू जैन, नीरज शाक्य को सदस्य बना कर बाल कांग्रेस की सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। बैठक में शहर अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि गत 18 जनवरी को भोपाल में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने निर्देश दिया है कि एक फरवरी से कांग्रेसी घर चलो, घर-घर चलो अभियान चलाएंगे, इसके तहत वार्ड से पंचायत स्तर तक कांग्रेसी घर-घर जाकर बीजेपी सरकार की नाकामी को आमजन को बताएंगे, हम घर घर जाकर मतदाता सूचियों का अवलोकन करेंगे और उसमें जो कमी होगी हम सुधार करेंगे। उक्त कार्यक्रम के साथ-साथ हम सदस्यता अभियान को भी पुरजोर तरीके से चलाएंगे। नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि कमलनाथ जी के निर्देश पर हम घर-घर जाएंगे और भाजपा की जन विरोधी नीतियों को उजागर करेंगे। कमलनाथ के निर्देश अनुसार बाल कांग्रेस का भी गठन कर रहे हैं, भिण्ड जिले में बाल कांग्रेस पूरी जोरदारी के साथ काम करेगी। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आव्हान करता हूं कि वह घर-घर जाकर आमजन की परेशानियों को समझें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें, घर-घर चलो अभियान के तहत बूथ बार विस्तृत जानकारी एकत्र करेंगे। बैठक में रतन चंद जैन, बलराम जाटव, दीपचंद तिवारी, अजय जैन, दर्शन सिंह तोमर, अजय शर्मा, शालिग्राम जोशी, राहुल कुशवाहा, रीना चौहान, आनंद शांति शाक्य, कुलदीप भारद्वाज, संजय यादव, सूरजपाल सिंह राजावत, पिंटू शर्मा, सिंटू उपाध्याय आदि कांग्रेसी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के बारे में जागरूकता अभियान

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग पीआईयू, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिले के समस्त नगर पालिका एवं नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के बारे में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देष दिए है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल निर्देषानुसार वन नेशन वन राशन कार्ड योजना की समीक्षा भारत सरकार द्वारा नियमित तौर पर की जाती है। उक्त योजना को बढावा देने के लिये पूर्व में औद्योगिक क्षेत्र में कैम्प लगाये जाकर हितग्राहियों को योजना संबंधी जानकारी दी गयी थी, जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुये थे। इस कार्यवाही को और आगे बढ़ाते हुये अव ऐसे क्षेत्र जहां बडी कॉलोनी का निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य, शासकीय भवनों का निर्माण कार्य, रेलवे तथा अन्य अधोसंरचना इत्यादि के निर्माण कार्य में लगे विभिन्न प्रदेशो तथा राज्य के अन्य जिलों से आये प्रवासी मजदूरों को जागरूकता अभियान चलाया जाकर योजना के बारे में अवगत कराया जाना है। उपरोक्त हेतु 21 फरवरी 2022 से जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाना है। निर्धारित प्रपत्र-1, 2 एवं 3 में जानकारिया भरी जाकर प्रेषित की जाना है। सर्वप्रथम 31. जनवरी 2022 तक स्थलों, कार्य के प्रकार एवं श्रमिकों की जानकारी एकत्रित कर शासन को भेजी जाना है, तदोपरांत 15 फरवरी 2022 तक चयनित स्थलो पर जागरूकता अभियान के लिये दल गठित किया जाना है इसके पश्चात् 15 मार्च 2022 तक मेलो का आयोजन किया जाकर जानकारी शासन को प्रेषित की जावेगी।

## बिजली बिभाग की तानाशाही से वेहाल नगर बासी, धूंधूं कर जलते कैबल डीपी लोग पानी के लिए मोहताज



**मेहगांव।** कडाके की सर्दी से वेहाल जन जीवन ऊपर से नगर मे बिजली कटौती का तांडव लोगो के गले की फांस बना हुआ है। बिजली न होने से नगर मे पसरा अंधकार और नलो मे पानी नही पानी बिना सब सून, लगातार बिजली कटौती का कारण लगातार दो सप्ताह मे ट्राष्फार्मर (डीपी) का फुक जाना अहम कारण रहा अभी हाल ही मे रखी गई डीपी सप्ताह भर भी सेबाऐं देने से पहले ही दम तोड गई अभी हाल ही मे नगर मे कुछ समय पहले रखी गई डीपी बदली गई थी फिर से फुकने से उन्है फिर बदला जा रहा है। नगर मे आये दिन कैबल का जलना आम बात हो गई हो गई जब भी कैबल आग पकडती है तो पूरा का पूरा( गाला) इस पोल से लेकर उस पोल तक जलकर खाक हो जाता है। फिर शुरू होता है बिजली कटोती का तांडव दिन भर बिजली गुल रात कडाके की सर्दी से वेहाल लोग बिजली कटौती से बुरी तरह परेशान होकर बिजली घर पर दिन भर आमद देते रहते हे मगर नतीजा वही ढांक के तीन पात शाम होते ही नगर मे अंधेरा और पानी की किल्लत से परेशानी अधिकारी अपनी तानाशाही मे किसी की सुनने को तैयार नही डीई अंकुर गुप्ता का साफ कहना है कि हम फोन उठाने के लिए नही बेठे है हमे और भी काम है। नगर की बिजली ब्यवस्था सुधारने से भी महत्वपूर्ण काम और कोई डीई अंकुर गुप्ता के पास हे यह समझ से परे है। नगर मे बिछाई गई कैबल व रखे गये ट्राष्फार्मर घटिया किस्म के होने की बजह से नगर की बिजली व्यबस्था दम तोड चुकी है। डीपी और कैबल को प्रथम द्रष्टया ही अच्छी क्वालिटी की सप्लाई की होती तो आज नगर मे इतनी बडी भीषण बिजली कटौती से लोगो को परेशान होने से बचाया जा सकता था मगर बिजली अधिकारियों की बडी भ्रष्टाचारी की आग ने पूरे नगर का जन जीवन अस्त व्यस्त कर वेहाल कर दिया।

## नेत्रहीन परिवार की मदद के लिए आगे आए समाजसेवी संतोष चौहान

**भिण्ड।** लहार अनुभाग के दबोह नगर में एक नेत्रहीन गरीब अशक्त परिवार का मामला कुछ दिन पूर्व मीडिया के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया था प्रशासन से सहायता की आस लगाए जरूरतमंद परिवार के पास लहार एसडीएम पहुंचे थे और उनके द्वारा जरूरतमंद परिवार को आवास, राशन, पेंशन सुविधा आदि उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए गए थे मीडिया में प्रकाशित खबरों के माध्यम से समाजसेवी संतोष चौहान को भी जानकारी लगी तो संतोष चौहान उक्त परिवार की सहायता करने पहुंचे संतोष चौहान द्वारा जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को ससम्मान कंबल सर्दी से बचाव के वस्त्र एवं सहयोग राशि भेंट किए गए संतोष चौहान ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है हर समर्थबांन व्यक्ति को जरूरतमंद नेत्रहीन परिवार की सहायता के लिए आगे आना चाहिए जरूरतमंद परिवार की सहायता में सुरेश चंद दुबे संतोष चौहान राजबल राजावत शिबू भदौरिया उपस्थित रहे।



## शासकीय उचित मूल्य दुकानों शत प्रतिशत निरीक्षण करें : कलेक्टर

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित भिण्ड, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को पत्र जारी कर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का शत प्रतिशत निरीक्षण करने के निर्देष दिए है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को नियमित खाद्यान (सशुल्क) वितरण किये जाने वाले खाद्यान को उचित मूल्य दुकानो से माह जनवरी, फरवरी 2022 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (निःशुल्क) का खाद्यान्न एकमुश्त माह जनवरी 2022 मे वितरण नियमित राशन प्रति हितग्राही 8 कि0ग्रा0 गेहूं एवं 2 कि0ग्रा0 चावल के मान से सशुल्क राशन एकमुश्त प्रदान किया जाना है तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत माह जनवरी, फरवरी 2022 का खाद्यान्न (गेहूं) 8 कि.ग्रा. एवं चावल 2 कि.ग्रा. प्रति सदस्य के मान से दोनो माहो का एकमुश्त वितरित किया जाना है। सहकारी समितियों के प्रशासक के रूप में आपके विभाग के अधिकारी पदस्थ है। उन्होंने कहा कि प्रभार क्षेत्र की सहकारी समितियों के द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का शत-प्रतिशत निरीक्षण करावे।

## मानवता का ऊँचा कद

प्रायः ऐसा देखा गया है की जिन लोगों की कुछ समय अंतराल के पश्चात स्थानांतरण वाली नौकरी होती है उन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना होता है। पहले पूरे मनोयोग से घर की साज-सजावट और फिर सबकुछ समेट लेना। राधा के पति केशव की सरकारी नौकरी भी कुछ ऐसी ही थी। उसके पति के स्थानांतरण का आदेश भी आ गया। राधा भी अपने छोटे बच्चे के साथ स्थानांतरण के समय को लेकर चिंतित थी। सोच रही थी बहुत सी छोटी-छोटी जरूरतें होगी। कोरोना का समय भी चल रहा है। राधा और केशव बिना कारण कुछ भी सहयोग लेनें में संकोच करते थे, पर यह क्या था राधा की पड़ोस वाले भैया और भाभी ने एक स्थानांतरण के एक हफ्ते पहले ही उन्हें हर चिंता से मुक्त कर दिया। राधा समझती थी की हर किसी की अपनी जिम्मेदारियाँ होती है, काम का भी भार होता है। उसने भाभी को बहुत मना किया, पर भाभी तो शायद स्थानांतरण की सारी परिस्थितियों को बहुत अच्छे से समझती थी। जिस दिन राधा का सामान जाना था उस दिन सुबह से ही भैया और भाभी ने फोन किया की आज सारे दिन की व्यवस्था हमारे घर होगी। जब राधा और केशव सुबह के नाश्ते के लिए गए तो उसमें तो भाभी के स्नेह का स्वाद था। पता नहीं भाभी ने कब से तैयारियां शुरू कर दी थी। कुछ समय बाद चाय-दूध, गरम पानी, बच्चे के लिए बिस्किट, खिचड़ी इत्यादि सब कुछ समय-समय पर उपलब्ध था। केशव ने भैया भाभी को दिन के भोजन में कुछ कम बनाने को कहा क्योंकि की नाश्ता ही इतना ज्यादा स्वादिष्ट था की उन लोगों ने बहुत रुचि से खाया, पर भाभी ने फिर पूरे अपनत्व और प्रेम से भोजन बनाया। उस भोजन में उन्होने बहुत से नए-नए व्यंजनों को भी शामिल किया। उनका कहना था की क्या हम अपनों के लिए एक दिन भी नहीं कर सकते। भैया-भाभी समय-समय पर हमारी जरूरतों का ध्यान रखें हुए थे। शाम की चाय हो या रात का भोजन कहीं भी स्नेह और अपनेपन में कोई कमी नहीं थी। हम सुकून से भोजन कर सकें इसलिए हमारे बच्चे को भी भैया पूरे समय दुलार देते रहें। उन्होने हमारी रात को रहने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की। भैया- भाभी ने मानवता की राह को जगमगा दिया था। पूरे दिन के सहयोग और अपनत्व के लिए केशव और राधा मन ही मन उनका धन्यवाद कर रहें थे। आश्चर्य तो तब हुआ जब भैया-भाभी सुबह 5 बजे पुनः चाय बनाकर भी ले आए क्योंकि उनको सवेरे जल्दी अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करना था। राधा और केशव सोच रहें थे की कैसे पूरे दिन-रात काम करने के बाद भी उन्होने सुबह फिर से हमारा ध्यान रखा। इतना बारीकी से सोचा और चाय देते वक्त यह भी कहा की घर जैसी चाय कहीं नहीं मिलती है। आज राधा और केशव भैया-भाभी के सहयोग, अपनत्व और प्रेम के लिए निःशब्द थे। यह स्थानांतरण इतना सरल होगा, इतना अधिक सहयोग और प्रेम मिलेगा यह तो अकल्पनीय था। वे दोनों मन ही मन ईश्वर से प्रार्थना कर रहें थे की ईश्वर उन्हें उत्तरोत्तर उन्नति और अच्छा स्वास्थ्य दे। इस लघुकथा से हमें यह शिक्षा मिलती है की कुछ अनुभव मील का पत्थर साबित होते है। उन्होने अपने अनुभव को दूसरों की खुशी के लिए सहयोग और अपनत्व के लिए उपयोग किया। मानवता की राह में उन्होने अपना कद बहुत ऊँचा कर लिया था। राधा और केशव सदैव हृदय से उनके आभारी रहेंगे और उनकों यह भी एहसास हुआ की ईश्वर समय-समय पर आपकी मदद करने के लिए किसी न किसी को किसी न किसी रूप में भेज ही देता है। राधा सोच रही थी की यदि ऐसे भैया-भाभी होने पर स्थानांतरण कभी किसी के लिए परेशानी का स्वरूप नहीं होगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस- अखंड भारत की आजादी के स्वप्नदृष्टा

**अशोक कुमार भार्गव, आई.ए.एस**

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के ओजस्वी उद्घोष से समग्र राष्ट्र में देशभक्ति त्याग और बलिदान के अनियंत्रित तूफान को सृजित करने वाले भारतीय स्वाधीनता संग्राम के क्रांतिधर्मा महानायक सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी के इतिहास में अनुपम और अतुलनीय योगदान हैं। भारत को विश्व की एक महान शक्ति बनाने के लिए संकल्पित सुभाष चंद्र बोस की अमिट छवि भारतीय जनमानस में नेताजी के रूप में अंकित है। 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में जन्मे सुभाष एक व्यावहारिक चिंतक, अद्भुत संगठन कर्ता और करिश्माई नेतृत्व के धनी थे जिनके स्वाभिमानी व्यक्तित्व में जादुई आकर्षण था। उनकी वाणी में अद्भुत ओज था। विचारों की स्पष्टता, प्रखरता, दूरदर्शिता, लक्ष्य की दृढ़ता, सिद्धांतों की प्रतिबद्धता, राष्ट्रभक्ति और जन सेवा के प्रति समर्पण एवं अपने कार्य के प्रति असीम आत्मविश्वास के साथ गहन निष्ठा का भाव उनके व्यक्तित्व में इस तरह समाहित था कि उन्होंने बिना झिझक अंग्रेज साम्राज्य के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आव्हान किया। उस अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध जिसमें कभी सूर्यास्त नहीं होता था और ब्रिटेन के विद्रोही कवि अर्नेस्ट जोन्स के शब्दों में %वह इतना क्रूर भी हो गया था कि उसके उपनिवेशों में रक्त भी कभी नहीं सूखता था।% उन्होंने साहस पूर्वक अंग्रेजी हुकूमत से टक्कर लेते हुए युवाओं में क्रांति की चेतना जागृत की और दुनिया के अन्य राष्ट्रों से चर्चा कर भारत की आजादी के पक्ष में विश्व जनमत निर्माण का ऐतिहासिक कार्य किया।

सुभाष का बचपन से ही अध्यात्म की ओर झुकाव रहा। कटक में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की । कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश की आजादी के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का संकल्प लेने वाले सुभाष के मन में भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रति अगाध श्रद्धा, आस्था और अटूट प्रेम था। कलकत्ता के प्रेसिडेंसी कॉलेज के प्रोफेसर ओटन जो भारतीय छात्रों को घृणा की दृष्टि से देखता था, उन्हें गंवार और जंगली कहकर अपमानित करता था। यह स्वाभिमानी सुभाष को बिल्कुल स्वीकार्य नहीं था। अतः उन्होंने उसके विरुद्ध कॉलेज में छात्रों के साथ मिलकर हड़ताल की, कक्षाओं का बहिष्कार किया और एक दिन मौका पाकर अन्य छात्रों के साथ मिलकर कक्षा में ही उसे करारा सबक सिखाने के लिए जमकर पिटाई कर दी। उस प्रोफेसर के होंश उड़ गए। अंततः प्रोफेसर ने छात्रों से क्षमा मांगी और भारतीयों का अपमान करना बंद कर दिया। यद्यपि इस घटना के बाद सुभाष को कॉलेज से निकाल दिया गया किंतु इसका उन्हें तनिक भी अफसोस नहीं हुआ बल्कि उनका मन प्रफुल्लित हुआ। सुभाष ने कहा कि भारतीय होने का अर्थ यह नहीं है कि हम असभ्य और गंवार हैं। हम पूरी तरह से सभ्य और सुसंस्कृत हैं। किसी को भी हमें अपमानित करने का अधिकार नहीं है तत्पश्चात स्कॉटिश चर्च कॉलेज से उन्होंने दर्शनशास्त्र में स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उन्होंने मिलिट्री प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। पिताजी चाहते थे कि सुभाष इंग्लैंड जाएं और सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा आई. सी. एस. होकर लौटे। किंतु जन्मजात विद्रोही सुभाष के मन में अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने की बगावत का बीजारोपण तो हो ही चुका था। समाज सेवा राष्ट्र सेवा और जन सेवा का कर्तव्य भाव उन्हें पुकार रहा था। ना चाहते हुए भी पिता की आज्ञा का पालन किया और इंग्लैंड से आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, किन्?तु उनकी सरकारी नौकरी करने की इच्छा बिल्कुल नहीं थी। उन्होंने दृढ़ता पूर्वक प्रतिकार करते हुए कहा कि वह शासन तंत्र जो मेरी मातृभूमि को दासता की जंजीरों में जकड़ा हुआ है उसकी कठपुतली या पुर्जा बनना मुझे स्वीकार नहीं है। विदेशी हुकूमत हमारे युवकों को गोलियों से भून रही है उन्हें जेलों में यातनाएं दे रही है और मैं उनकी गुलामी करूं यह असंभव है और 22 अप्रैल 1922 को उन्होंने पिता की इच्छा के विरुद्ध आईसीएस से त्यागपत्र दे दिया।

एक अंग्रेज पुलिस अधिकारी ग्रीफीथ जो सुभाष को पूर्व से जानता था उन्हें गिरफ्तार करने के लिए गिरफ्तारी वारंट लेकर उनके कमरे पर पहुंचा जहां वे



साधारण कपड़े में बैठे थे, कोने में एक तरफ मिट्टी का घड़ा रखा हुआ था। उसने कहा मैं तुम्हें गिरफ्तार करने आया हूं। तुम क्या हो सकते थे और क्या हो गए। सुभाष ने कहा %ठीक कहा तुमने मैं गुलाम हो सकता था लेकिन आज मैं अपने देश की स्वाधीनता का सजग सिपाही हूं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुझे तुम्हारे कमरे की तलाशी भी लेनी है। हां हां क्यों नहीं तलाशी भी ले सकते हो। पुलिस अधिकारी ने कमरे की हर चीज को देखा लेकिन उसे कोई भी वस्तु आपत्तिजनक नहीं मिली । तब उसने चौकी पर रखी चांदी की डिबिया खोली पूछा कि इसमें ये चूर्ण जैसा क्या है। सुभाष ने कहा यह मेरे देश की पवित्र मिट्टी है । मैं प्रतिदिन इसकी पूजा करता हूं और देश की स्वाधीनता के अपने उद्देश्य का स्मरण करता हूं। अधिकारी ने कहा सुभाष तुम अवश्य ही पागल हो गए हो अन्यथा भला कोई मिट्टी की भी पूजा करता है। सुभाष बोले यह बात तुम्हारी समझ में नहीं आएगी। तुम्हारा जन्म इंग्लैंड में हुआ है। अगर तुम भारत भूमि में पैदा हुए होते तो जान पाते की मां और मातृभूमि की महत्ता क्या है। जिसे तुम मिट्टी कह रहे हो वह मेरी भारत माता की चरण रज है। मैं इसे माथे पर लगाता हूं। तुम इन बातों को समझने योग्य नहीं हो। मुझे गिरफ्तारी का कोई भय नहीं है। कष्ट और त्याग ये दोनों स्वराज की नींव है और इन्हीं पर हमारे स्वतंत्र राष्ट्र का निर्माण होगा। यदि देश के युवक उसके लिए स्वयं को अर्पित करने के लिए तैयार हों तो स्वतंत्रता की कल्पना को साकार करने में देर नहीं लगेगी। सुभाष के इस विलक्षण उत्तर से पुलिस अधिकारी निरुत्तर हो गया। बंगाल के देशभक्त चितरंजन दास की प्रेरणा से सुभाष राजनीति में आए स्वयंसेवक बने फिर राष्ट्रीय विद्यापीठ के आचार्य और कॉग्रेस स्वयंसेवक दल के प्रमुख। अपने साथियों के साथ सेवादल बनाकर मानव सेवा में जुट गए। उनकी ख्याति युवा नेता और समाजसेवी के रूप में विख्यात हो गई। उत्तर बंगाल के बाढ़ पीड़ितों की अद्भुत सेवा की। स्वराज पार्टी के प्रमुख पत्र फॉरवर्ड के संपादक बनाए गए। 1924 में जब देशबंधु कोलकाता के मेयर बने तब सुभाष को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया। जहां उन्होंने प्रशासनिक दक्षता, राष्ट्रवादी भावनाओं और जन हितेषी कार्यों से अपनी प्रामाणिकता सिद्ध की। इस दौरान प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत के बहिष्कार के संबंध में उन्हें गिरफ्तार किया गया। यहीं से उनकी जेल यात्राएं प्रारंभ हुई जो सन 1941 तक तब तक चलती रही जब तक वे चुपके से निकलकर जर्मनी नहीं चले गए। वे कुल 11 बार गिरफ्तार किए गए और लगभग 15 वर्षों तक जेल में रहे। 1928 में प्रांतीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए लगातार परिश्रम से वे बीमार हो गए। बमुश्किल 1932 में जर्मनी में चिकित्सा के लिए गए और वहां से लौटने पर 1939 में पट्टाभी सीतारमैया को चुनाव में पराजित कर पुनः कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए। गांधीजी ने इसे अपनी व्यक्तिगत हार माना। गांधी के अहिंसा वादी विचारों का सुभाष के क्रांतिकारी विचारों से मेल नहीं होता था। अतः उन्होंने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। उग्रवादी विचारधारा के अमर सेनानी सुभाष का दृढ़ विश्वास था कि ब्रिटिश शासन की नृशंसता का सशस्त्र बल से विरोध करने पर ही भारत मां को आजाद किया जा सकता है। अपना रक्त दिए बिना भारत को मुक्त नहीं किया जा सकता। भारतीय संस्कारों से युक्त पूर्ण स्वराज का लक्ष्य लेकर उन्होंने फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। गांधी के व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारंभ करने के दौरान सुभाष बाबू ने बंगाली जनता को हालवेल, ब्लैक होल स्मारक को हटा देने एवं सामूहिक आंदोलन करने का आव्हान किया। फलस्वरुप आंदोलन के लिए उमड़ते तूफान की आशंका से भयभीत हो सुभाष को पुनः जेल में डाल दिया गया।

## जैसा सोचेंगे वैसा ही फल मिलेगा

यदि आपका मन प्रसन्न नहीं है तो इसका जिम्मेदार कोई और नहीं है बल्कि आप स्वंय हैं। इसी प्रकार अगर आप सुखी है तो यह भी आपको अपने ही कारण प्राप्त हुआ है। ईश्वर का आपके सुख-दु~ख से कोई संबध नहीं है। ईश्वर तो मात्र कर्म का फल प्रदान करने वाला है। यूं समझ लीजिए कि ईश्वर कमल का पुष्प है। कमल पुष्प जैसे कीचड़ में रहकर भी कीचड़ के गुण दोष से प्रभावित नहीं होता, उसी प्रकार ईश्वर सब में और सब के बीच में रहकर भी किस से न तो मित्रता करता है और न शत्रुता। आप जैसा करेंगे और जैसा चाहेंगे वैसे ही आपके आस-पास का वातावरण तैयार कर देगा। हस्तरेखा विज्ञान भी भविष्य को जानने का एक माध्यम है। लेकिन अगर आप अपने हाथों को गौर से देखें तो पाएंगे कि समय-समय पर हाथों की रेखाओं में परिवर्तन हो रहा है। यह परिवर्तन आपके कर्म और व्यवहार के अनुरूप होता है। इसलिए अगर आप सोचते हैं कि एक बार जो किस्मत में लिखकर आ गया है ऐसा होना तय है तो मन से इस धारणा को निकाल दीजिए। अगर ऐसा होता है तो ज्योतिषशास्त्र से सिर्फ भविष्य देखा जा सकता था। लेकिन ज्योतिषशास्त्रों में भविष्य देखने के साथ ही साथ उपाय भी बताये जाते हैं ताकि घटना में बदलाव किया जा सके। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि उद्धारेदात्मनात्मानं नात्मानवसादयेत। आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मन?।। अर्थात मनुष्य स्वयं ही अपना शत्रु और मित्र है। मनुष्य को चाहिए कि वह स्वयं को पतन से बचाये और संसार रूपी समुद्र से उद्धार के लिए प्रयास करे। जो मनुष्य स्वयं का मित्र होता है वह सकरात्मक सोच रखता है और ईश्वर ने जो भी साधन प्रदान किये हैं।

## बाजार की हालत

**सिद्धार्थ शंकर**

कोरोना काल में बाजार कुछ समय तक सुन्न अवस्था में रहे, फिर उनमें एक अलग की किस्म की बेफिक्री आ गई और अब जो स्थितियां हैं, उनमें तो साफ माना जा सकता है कि शेयर बाजार की चाल कोरोना से मुक्त हो चुकी है। इसके गंभीर अर्थ और आशय हैं। केंद्र सरकार की ओर से नवंबर में जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर 2021 के दौरान अर्थव्यवस्था में 8.4 फीसद का विकास हुआ। इससे पहले की तिमाही यानी अप्रैल-जून 2021 में 20.1 फीसद का इजाफा हुआ था। ये आंकड़े साफ बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से विकास की राह पर फिर लौट चली है। वित्त मंत्रालय की नवंबर, 2021 महीने के लिए मासिक आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार भारत कोविड-19 की वजह से अर्थव्यवस्था में आई गिरावट से चालू वित्त वर्ष 2021-22 में तेजी से उभरने वाले कुछ देशों में होगा। साथ ही, देश में तेजी से टीकाकरण की वजह से कोरोना विषाणु के नए स्वरूप ओमीक्रान से अर्थव्यवस्था पर अधिक गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की उन चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में से है, जो संकुचन से अधिक तेजी से उबरेंगी। यानी कोरोना के ओमिक्रॉन स्वरूप को लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है, ऐसा वित्त मंत्रालय का मानना है। जीएसटी संग्रह से भी अर्थव्यवस्था में मजबूती दिखाई देती है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर, 2021 में इससे पिछले साल के समान महीने की तुलना में तेरह फीसद बढ़ कर 1.29 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया। दिसंबर में जीएसटी संग्रह नवंबर के 1.31 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से कम रहा है। दिसंबर, 2021 में लगातार छठे महीने सरकार का जीएसटी राजस्व एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है, यानी जीएसटी के मोर्चे पर अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाई दे रही है। चिंताएं अपनी जगह हैं। ओमिक्रॉन की वजह से तमाम कंपनियां परेशान हैं। आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका है। महंगाई अब बड़ी चिंता है। रिजर्व बैंक के अनुसार अक्टूबर



2021 में ईंधन की महंगाई तो 14.3 फीसद के उच्चतम स्तर तक पहुंच गई थी।

गौरतलब है कि ईंधन के महंगे होने का असर देर-सबेर हर चीज की महंगाई पर पड़ता है। रिजर्व बैंक का आकलन है कि खुदरा महंगाई दर 2021-22 में 5.3 फीसद रहेगी। यह दर खासी चिंता बढ़ाने वाली है। दिसंबर 2021 की खुदरा महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। दिसंबर 2021 में खुदरा महंगाई 5.59 फीसद रही, यानी रिजर्व बैंक द्वारा तय की गई खतरे की सीमा यानी छह फीसद के करीब। खुदरा महंगाई का स्तर जो दिसंबर 2021 में दर्ज किया गया, वह पांच महीनों का उच्चतम स्तर है। यानी महंगाई फिर सिर उठा रही है। और संकट यह भी है कि कच्चे तेल के भाव वैश्विक बाजार में फिर दहाड़ रहे हैं। कच्चे तेल के भाव दो महीनों के उच्चतम स्तर पर हैं। महंगाई कई तरह से चोट करती है। एक तरफ तो खरीद क्षमता को कुतर जाती है और दूसरी तरफ ब्याज से मिलने वाली आय को बौना बना देती है। महंगाई बुजुर्गों के जीवन स्तर को लगातार गिराती है, जो कम गंभीर मसला नहीं है। महंगाई पर रोक लगाना सरकार के हाथ में एक हद ही संभव है। महंगाई की चोट हर वह शख्स महसूस कर सकता है जो पेट्रोल पंप से पेट्रोल आदि लेता है। पेट्रोल के भाव बढने से लगभग हर चीज की महंगाई बढ़ जाती है, ऐसा सामने आता है। सरकार को इस मसले पर गंभीरता से विचार करना ही चाहिए कि किस तरह से महंगाई को कम किया जाए ताकि कोरोना की मंदी से ग्रस्त लोगों को कुछ राहत मिल सके। घरेलू बाजार में कर्ज की लागत कम हुई है। यह बात बिलकुल सही है कि कर्ज लेने की लागत यानी ब्याज दरों में कमी आई है और उद्यमियों को आसानी से सस्ती दरों पर कर्ज मिल रहा है। यही नहीं, पूंजी बाजार में नई कंपनियों के शेयरों को जम कर खरीदा जा रहा है। यानी पूंजी की कमी कहीं नहीं है। पर सवाल दूसरा है। पूंजी भी है, कारोबार भी है, मांग नहीं है। मांग हर क्षेत्र में मजबूत नहीं है। सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है सेवा क्षेत्र। होटल, पर्यटन स्थल सब अब भी वीरान ही हैं। सिनेमा हाल भी राह ताक रहे हैं कि कब दर्शक आएंगे।

# चुनावी चक्रम - कौन किस पर भारी.... कौन किसका

### सूडोकु नवताल- 5961

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .


■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5960 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

**ओमप्रकाश मेहता**

अब देश के पांच राज्य धीरे-धीरे चुनावी रंग में रंगते जा रहे है, इन राज्यों के आधुनिक भाग्यविधाताओं की हर सोच राजनीतिक सत्ता के रंग में सराबोर नजर आने लगी है, हर राजनीतिक दल एक-दूसरे से अधिक प्रभावी दिखने की स्पर्द्धा में शामिल है और जहां की हर गतिविधि राजनीति में लिपटी नजर आने लगी है। इन पांच राज्यों में सबसे अहम राज्य है उत्तरप्रदेश, जो पूरे देश की सत्ता वउसकी राजनीति का मार्गदर्शक है, आज इस चुनावी दौर में इसीलिए यह राज्य सभी दलों के लिए अहम बना हुआ है और अब इस राज्य में वादों व घोषणाओं की बरसात हो रही है और बैचारा आम वोटर फिलहाल मूकदर्शक बना सब कुछ देखने समझने व भुगतने को मजबूर है और जहां तक राजनीति और राजनीतिक दलों का सवाल है, इनमें दिखावे और प्रदर्शन के अलावा कुछ भी नहीं है, हर कोई एक दूसरे से बढ़-चढ़कर ही बतारहा है। किंतु आज इस माहौल में सबसे अधिक सोच-विचार का सवाल यह है कि देश की आजादी के बाद के अब तक के पचहत्तर सालों में देश में सब कुछ बदल गया किंतु हमारे आधुनिक भाग्यविधाताओं की सोच में कोई अंतर नजर नहीं आया, आज भी वही 1952 के पहले आम चुनाव की झलक हर कहीं नजर आती है, आज भी हर राजनेता देश की जनता या आम वोटर को उतना ही भोला-भाला और अज्ञानी मानता है और उसी प्राचीन तरीकों से अपने आपको अन्यों से 'सुपर' बताने की कौशिश करता है, चूंकि पिछले साढ़े सात दशकों



में 'झूठे वादे' और 'आश्वासनों' पर जो राजनीति अवलम्बित रही है, वहीं आज भी है, जबकि हर वोटर उन वादों-आश्वासनों की पूर्ति का प्रतिशत अच्छी तरह जानता है, हर सत्तारूढ़ दल अपने सत्ताकालका विस्तार चाहता है तो सत्ताहीन हर तरीके से सत्ता पर काबिज होना चाहता है, इसी स्पर्द्धा में आज की राजनीति खो गई है और हर अक्षम-सक्षम को सत्ता के करीब ले जाने वाले को कोई याद नहीं रखता। अब ऐसे में यह स्पष्ट ही नही होता कि कौन किस पर भारी है और कौन किसका आभारी है? हर राजनीतिक दल अपने आकर्षक और कभी न पूरे होने वाले वादों की नुमाईश लगाकर बैठा है और आम वोटर यह सब देखने को मजबूर है क्योंकि उसके पास इसके अलावा कोई विकल्प नही है, उसे यह अच्छी तरह पता है कि यह नुमाईश केवल और केवल दिखावटी है, फिर भी उसे इसे देखने, इन पर विश्वास करने और इन्हें वोट देने की मजबूरी है, क्योंकि फिर वही विकल्प का अभाव....?

....फिर इसी माहौल में एक बार फिर याद आता है कि हमारे प्रजातंत्र को लगी 'दल-बदल' की दीमक हमारे कानूनी-गैरकानूनी लाख प्रयासों के बाद भी खत्म नही हो पाई, प्रजातंत्र के पचहत्तरवें साल में भी आज यहीसब चल रहा है, हमने लाख दलबदल कानून बनाए, उन्हें लागू करने का दिखावा भी किया, किंतु क्या वे प्रभावी सिद्ध हो पाए? आज इसी अभिशाप का उत्तरप्रदेश केन्द्र बिन्दु बना हुआ है.... और सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि इस गैर प्रजातंत्री प्रथा पर आत्मचिंतन आज तक किसी भी राजनेता या उसके राजनीतिक दल ने नहीं किया? और हर कोई इसका लाभ उठाने को आतुर दिखाई दिया न तो ऐसे अवसरवादी राजनैताओं को कभी कानूनी दण्ड का भागीदार बनाया गया और न कभी इस कानूनी को गंभीरता से अंगीकार ही किया गया अब इसके लिए कौन दोषी है, इस पर भी न कभी सत्ता ने विचार किया न सत्तासीनों ने और न कानून बनाने वालो ने....? ....और इसी कारण यह रोग अब गंभीर महारोग बनकर सामने आ गया है....। अब ऐसे में हम हमारे प्रजातंत्र के साथ कितना न्याय या अन्याय कर रहे है.... इस सवाल का जवाब ढूंढने की भी किसी को फुर्सत नही है। अब तो हर किसी को बस सत्ता चाहिये, न उससे कम न उससे अधिक। अब जब ऐसे माहौल में देश व उसकी राजनीति रच-बस गई हो तो फिर 'स्वार्थ' के अलावा कुछ भी किसी को भी कैसे दिखाई दे सकता है? हर कोई बगैर अपनी क्षमता पर विचार किए।

## 75वां साल आजादी अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव
हम सब मिल आज मनातें हैं
जिसने अपना बलिदान दिया
उनको हम शीश झुकाते हैं

अपने वतन को आजाद करने
वीरों ने कसमें खाई थी
दुश्मनों को मार भगाने
जान की बाजी लगाई थी

नेताजी गांधी नेहरू जी ने
आजादी की राह दिखाई थी
उनके बताए पथ पर चलके
हमने आजादी पाई थी

रानी थी वह झांसी की
जिसने तलवार उठाई थी
पीठ पर बांधा बालक को
अंग्रेजों को धूल चटाई थी

राजगुरु सुखदेव भगतसिंह
हँसकर फांसी पर झूले थे
जान से प्यारा हो वतन हमें
शिक्षा हम को यह देते थे

मंगल पाण्डे लक्ष्मीबाई भगतसिंह
सुखदेव और राजगुरु सरीखे
वतन पर मर मिटनेवालों को
सत् सत् नमन हम करतें हैं

आजादी का पर्व मनाकर
देशभक्तों का गुणगान करतें हैं
जिनके कारण आजादी पाई
उनको शीश हम झुकाते हैं।

**सरिता जैन, मुरैना**

# कलेक्टर ने अतिरिक्त मुख्य सचिव पशुपालन से चर्चा कर पशुओं की हो रही मृत्यु की जांच कराई

### संयुक्त संचालक कार्यालय सहित भोपाल, जबलपुर के छः चिकित्सक पशुओं की जांच करने मुरैना पहुंचे, बीमार पशुओं का ब्लड सैम्पल एवं स्लाइड बनाई गई व मृत पशुओं का किया पोस्टमार्टम



**मुरैना।** पिछले दिनों से जिले में लगातार पशुओं की हो रही मृत्यु को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो रही थीं। इन खबरों को लेकर कलेक्टर मुरैना बी.कार्तिकेयन ने पशुओं की मृत्यु को लेकर पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से चर्चा कर मुरैना में पशुओं की जांच के लिये एक दल भिजवानें का अनुरोध किया था।

कलेक्टर के अनुरोध पर बुधवार को पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर एवं राज्य स्तरीय पशुरोग अनुसंधान प्रयोगशाला भोपाल तथा ग्वालियर के संयुक्त पशुपालन डेयरी विकास विभाग के संयुक्त संचालक अशोक सिंह तोमर की टीम द्वारा जिले में प्रभावित ग्राम भजन का पुरा में 400, भिखारीपुरा में 250, साबलपुरा में 200 पशुपालकों से भेट की गई। ग्राम भजन का पुरा में 5, भिखारी का पुरा में 3 और साबलपुरा में 4 पशु बीमार पाये गये। ग्राम भजनपुरा में लगभग 25, भिखारीपुरा में 8 एवं साबलपुरा में 3 पशुओं की मृत्यु विगत 1 माह में होना बताया गया है। इनमें ग्रामो में विगत 1 माह से कुछ पशु बीमार हो रहे थे, जिसमें प्रमुख लक्षण निमोनिया एवं बुखार से मृत्यु होना पशु चिकित्सकों द्वारा बताया गया है। दल के पशु चिकित्सकों ने ग्राम भजन का पुरा के वीरेन्द्र सिंह के एक पशु का पोस्टमार्टम किया। जिसमें हेमोरागिस पेसेज एण्ड कंजेक्शन पद लंग एण्ड ट्रेसिया, ट्रेसिया फील्ड विथ फ्रोथ, कंजेक्शन एण्ड हेमोरागिस इन रूमेन एण्ड स्मॉल इंसेसटाइन, ससपेक्टेट केस ऑफ डेथ होना बताया गया। दल द्वारा बीमार पशुओं का उपचार, बीमार पशुओं का ब्लड सैम्पल एवं स्लाइड बनाई गई। उपसंचालक डॉ. त्यागी ने दल के सदस्यों को बताया कि पूर्व में मृत हुये पशुओं के भी पोस्टमार्टम कराये जा चुके है। दल के सदस्यों ने बताया कि पशुओं के लिये गये ब्लड सैम्पल एवं स्लाइड, स्टोमक सैम्पल विसरल आरगन राज्य स्तरीय पशुरोग अनुसंधान प्रयोगशाला भोपाल, जबलपुर एवं बरेली इज्जतनगर भेजा जा रहा है। भ्रमण के दौरान टीम ने पशुपालकों को बाजरे की फफूंद वाली कड़वी खिलाने का स्पष्ट रूप से मना किया गया। मृत पशुओं को भूमि में दफनाने एवं जलाने की सलाह दी गई। तथा स्वस्थ्य पशुओं एवं बीमार पशुओं को ठण्ड से बचाने के लिये ढककर रखने को कहा गया तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. अखिलेश पटेरिया ने बताया मुरैना जिले में बीमार पशुओं का उपचार पशुपालन विभाग की नई गाइडलाइन के अनुसार उपचार प्रारंभ कर दिया गया है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग मुरैना के उपसंचालक डॉ. आरके त्यागी ने बताया कि दल द्वारा बीमार पशुओं के 17 नमूने एकत्रित किये गये। प्रभावित ग्रामों में एचएस बीमारी का टीकाकरण जनवरी के प्रथम सप्ताह में किया गया हैं। ग्राम भजन का पुरा में 160, भिखारीपुरा में 60, सावलपुरा में 123 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। बुधवार को पोरसा विकासखण्ड के बीमार पशुओं के नमूने लेकर राज्य पशुरोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जिसमें कुछ पशुओ में बबेसिओसिस इन्फेक्शन एवं खून में हीमोग्लोविन का स्तर काफी कम होना पाया गया है। टीम में ग्वालियर पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक डॉ अशोक सिंह तोमर, राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल के डॉ. तपासे, जबलपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. सुभद्रदयाल नाथ, डॉ. मनीष जाटव, ग्वालियर रोग अनुसंधान प्रयोगशाला के डॉ. रमा गुप्ता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मुरैना के उपसंचालक डॉ. आरके त्यागी उपस्थित थे।

## बाल्हेरा मैं 7 भैंस एवं 10 बकरियों की हुई मौत, पशु चिकित्सक नहीं दे रहे ध्यान

**कैलारस।** कैलारस एवं सुजर्मा क्षेत्र में इन दिनों पशुओं की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पशु चिकित्सक लापरवाह बने हुए हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने तक नहीं जाते हैं



और ना ही पशुपालकों को समय रहते समझाईश देते हैं। मुख्यालय पर भी कभी कभार देखे जाते हैं। अगर कोई पशुपालक उन्हें बुलाने आता है, तो उनसे पैसे मांगते हैं एवं आनाकानी कर वापस लौटा देते हैं। यही सिलसिला चलता रहा तो पशुपालकों को भूखे मरने की कगार पर कोई नहीं रोक सकता है। शासन व प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि अगर समय रहते चिकित्सक ध्यान नहीं देते हैं तो हम आंदोलन पर उतारू होंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि पशु चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों की तो बात छोड़ो, अपने मुख्यालय पर भी नहीं रहते हैं। बाल्हेरा गांव में हुए पशुओं की मौतों के तांडव के बारे में कोई भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासक ध्यान नहीं दे रहा है। अभी तक पशुपालक रामभजन वदनसिंह बघेल 1 भैंस, 1 पड़ा की मौत कीमत 80 हजार, महेश बघेल 2 भैंस कीमत 1 लाख 20 हजार एवं 10 बकरी कीमत 90 हजार, हरिविलास वघेले 2 भैंस 1 पड़ा कीमत 1 लाख 20 हजार आदि के पशु शामिल हैं।

## नगर निगम एवं यातायात पुलिस ने लोगों को दी मास्क पहनने की समझाईश



**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मास्क ही है जिंदगी अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिक निगम मुरैना एवं यातायात पुलिस मुरैना की संयुक्त टीम द्वारा बेरियल चौराहे पर आम नागरिकों को मास्क पहनने की समझाईश दी। टीम द्वारा मास्क वितरण भी किये गये। इसके साथ ही समझाने के उपरांत भी मास्क नहीं लगाने वाले लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई।

# सीएम हेल्पलाइन निराकरण में नगर पालिका अंबाह के जिले में प्रथम स्थान में आने पर


### सीएमओ ने नगरपालिका कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया सभी के प्रति किया आभार व्यक्त




**अंबाह।** किसी भी कार्यालय में सही समय पर सभी समस्याओं का निराकरण समय पर हो जाए तो यह उस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है। नगर पालिका में शनिवार को कुछ इस तरह का नजारा देखने को मिला जहां मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अंबाह नगर पालिका पूरे जिले में प्रथम स्थान पर रही, जिसके लिए अंबाह सीएमओ राम निवास शर्मा द्वारा अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर उनको धन्यवाद दिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा ने बताया कि जनवरी माह में सीएम हेल्पलाइन निराकरण मैं अम्बाह नगर पालिका मुरैना जिले में प्रथम स्थान पर रही है और यह सब नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है जिसके बदौलत हम मिलकर लोगों की शिकायतों का निराकरण कर सके हमने इस माह लगभग 94.98% से अधिक शिकायतों का निराकरण किया है, वहीं इस उपलब्धि पर नगर पालिका सीएमओ राम निवास शर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया। आपको बता दें कि इससे पूर्व भी सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में नगर पालिका प्रथम स्थान पर रह चुकी है, जिसमें सीएमओ राम निवास शर्मा की कार्यकुशलता को देखते हुए शासन द्वारा उन्हें प्रशंसा पत्र भी दिया गया था। रामनिवास शर्मा का कहना है कि कई ऐसी समस्याएं रहती हैं जो हम तक नहीं पहुंच पाती हैं। सीएम हेल्पलाइन एक ऐसा माध्यम है जिससे लोगों की परेशानियां शिकायतों की जानकारी हम तक पहुंचती है और यदि हम इनका निराकरण समय पर कर दें तो यह हमारे लिए एक बेहतर काम करने का जरिया है।

# एटीएम बदलकर फ्रॉड करने वाले तीन आरोपियों के कब्जे से 6 लाख बरामद

**मुरैना।** कोतवाली पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपए निकालकर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 लाख रुपए बरामद किए हैं और गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के द्वारा जिले में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीएसपी अतुल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने फरियादी शारिक खान पुत्र करामत अली निवासी तुलसी कॉलोनी चीलघर गणेशपुरा ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के खाता नंबर 902810110023943 से अनीश खान पुत्र सिराज खान निवासी ग्राम चैना द्वारा 1,53 हजार रुपए की रकम निकाली गई है। जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। थाना प्रभारी को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव चैना में छिपा हुआ है। पुलिस ने दबिश देते हुए चैना गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर कडाई से पूछताछ की तो 30 दिन पहले जीवाजीगंज मुरैना से फरियादी फरियादी शारिक खान पुत्र करामत अली के बैंक ऑफ इंडिया के खाते से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 153000 रुपए बरामद करने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही फरियादी सीताराम सोलंकी पुत्र झींगुरिया सोलंकी निवासी प्रेमनगर के खाते से धोखाधडी करते हुए 4,81000 रुपए एटीएम कार्ड बदल कर निकाल लिए गए। जिस पर पुलिस ने धोखाधडी के मामले में गल्ला मंडी टिन शेड से दो आरोपीगण निवासी कुडवा थाना गजनेर कानपुर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो 35 दिन पहले कोर्ट तिराहे से सीताराम सोलंकी के एसबीआई के खाते से 4,81000 रुपए निकालना स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी सफेद रंग की भी जप्त की गई है।




# रोटरी क्लब चम्बल ने देवरी गौशाला में पहुँचाई 10 क्विंटल



**मुरैना।** रोटरी क्लब चम्बल द्वारा कपकपाती सर्दी के मौसम में देवरी गौशाला में गायों एवं गौवंश हेतु अलाव व्यवस्था के लिए आज देवरी गौशाला पहुँचकर 10 क्विंटल लकडी गौशाला कमेटी को सुपुर्द की।

रोटरी क्लब चंबल के अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया कि जब रोटरी क्लब चम्बल की टीम ने देवरी गौशाला में जाकर देखा कि गायों एवं गौवंश के लिए सर्दी से बचने हेतु सुबह शाम अलाव के लिए लकडी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण पिछले कुछ दिनों में काफी मात्रा में गौवंश की सार्दी के कारण मौत हो गई। तब रोटरी के सभी साथियों के सहयोग से गौशाला के लिए जलाऊ लकडी की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब चम्बल द्वारा भेजी गई लकडी से करीब 5 दिनों तक गौशाला में दोनों समय गायों के लिए अलाव जल सकेगा। पिछले 3 दिनों से रोटरी क्लब चम्बल की टीम मुरैना शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर कपकपाती शर्दी से राहगीरों, गौवंश एवं पशुओं को बचाने के लिए रात को 9 से 12 बजे तक जगह-जगह अलाव जला रही है, इसी क्रम में देवरी स्थित गौशाला में 10 क्विंटल लकडी अलाव जलाने हेतु भेजी गई है। इस अवसर पर रोटरी क्लब चम्बल ने सभी शाहरवासियों, सामाजिक संस्थाओं एवं प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि इस ठंड के मौसम में शहर एवं गौशाला में गौवंश एवं पशुओं हेतु आहार चारा आदि की व्यवस्था हेतु आगे आकर सहयोग प्रदान करें।

# 13 महिनों में 640 खाद्य पदार्थों के लिये नमूने, 207 नमूने पाये अमानक

### -ए.डी.एम न्यायालय ने 65 प्रकरणों में 1 करोड़ 79 लाख 10 हजार रूपये का लगाया जुर्माना

**मुरैना।** खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिये सरकार द्वारा चलाये गये मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत पिछले 13 महिने में 640 विभिन्न खाद्य पदार्थों के लीगल नमूने लिये गये। इन सभी 640 नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया। प्रयोगशाला से 562 जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुये हैं। इनमें से 207 जांच नमूने अमानक पाये गये हैं। अमानक पाये गये नमूनों के आधार पर 137 प्रकरण निराकरण हेतु एडीएम न्यायालय और 15 गंभीर मिलावट के प्रकरणों को सीजेएम कोर्ट में दायर किये गये हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी कलेक्टरों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि मिलावट किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिये। मिलावट खोरों को बख्शा नहीं जाये। जांच नमूने लगातार लेते रहें। मुझे जीरो टॉलरेंस चाहिये। अपराधों पर भी सख्त नजर रखें। उन्होंने कलेक्टर बी. कार्तिकेयन से पूछा कि जिले में सबसे ज्यादा मिलावट किस खाद्य पदार्थ में हुई है। इस पर कलेक्टर ने बताया कि ज्यादातर दूध में मिलावट है। इसके अलावा दूध से बने पनीर व अन्य दूध उत्पाद में भी ज्यादा मिलावट पाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिलावटखोरों को छोड़ना नहीं है। इनके खिलाफ गंभीरता से कार्यवाही की जाये। कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने बताया कि मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिले में पिछले 13 माह में 640 विभिन्न खाद्य पदार्थों को लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये, इनमें सर्वाधिक 168 नमूने दूध, 34 घी, 31 मावा, 33 पनीर, 18 अन्य दूध उत्पादों, 48 सरसों के तेल और 308 नमूने अन्य पदार्थों के थे। 640 नमूनों में से खाद्य प्रयोगशाला से 562 जांच प्रतिवेदन अभी प्राप्त हुये हैं, जिसमें 207 नमूनों के जांच प्रतिवेदन अमानक पाये गये हैं। विभाग द्वारा फैल पाये गये नमूनों के आधार पर 137 प्रकरण एडीएम न्यायालय और 15 गंभीर मामले सीजेएम कोर्ट में दायर किये गये हैं। एडीएम न्यायालय द्वारा 65 प्रकरणों का निराकरण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं पर 1 करोड़ 79 लाख 10 हजार रूपये का जुर्माना आरोपित किया है।



# सफाई कर्मचारी अपने बच्चो को दूसरे व्यवसाय और उच्च पदों के लिए तैयारी कराएं: एम वेंकटेशन

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने जिले की सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम वेंकटेशन (केबिनेट मंत्री दर्जा केंद्र सरकार) ने कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सफाई कर्मचारियों और उनके संगठनों के साथ बैठक की। इस दौरान कलेक्टर अविनाश लवानिया, नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी,अपर कलेक्टर उमराव सिंह मरावी और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एम वेंकटेशन ने कहा कि सफाई कार्य में लगे सभी माता-पिता अपने बच्चों को शासकीय सेवा में उच्च पदों के लिए तैयारी कराए, इस बारे में सेमिनार का आयोजन भी करें और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को मार्गदर्शन के लिए बुलाया जाए। कलेक्टर, एसपी और अन्य पदों की तैयारी के लिए उनको बचपन से ही बताए जिससे बच्चों में पढ़ाई की रुचि बनाए रखे। अच्छे पदों पर चयन से परिवार, समाज और सभी लोगों के बीच विशेष सम्मान मिलता है। समाज में पढ़ाई के लिए विशेष माहौल होने से सभी को समान अवसर मिलते है। श्री वेंकटेशन ने कहा कि वह स्वयं भी ऐसे माता-पिता की संतान है जो सफाई कर्मचारी है और चेन्नई में उनका घर आज भी 250 स्क्वायर फिट में बना हुआ है गरीब और मलिन बस्ती में जन्म लेने के बाद भी आज 40 वर्ष की उम्र में इस पद तक मेहनत , ईमानदारी और समाज के प्रति कार्यों को करने से पहुचे है।




### बैठक में सभी सफाई कर्मचारी

और संगठन ने कहा कि नगर निगम में अस्थाई कर्मियों को नियमित करने के लिए कार्रवाई शुरू हो। सफाई कार्य के लिए केवल अनुसूचित वर्ग के लोगो का ही चयन किया जाए , सफाई कर्मचारी को फ्रंट लाइन वर्कर माना जाए और अन्य सभी सुविधाए भी दी जाए। इसके साथ कुछ संगठनों ने सफाई कर्मचारी आयोग की किसी अन्य आयोग में विलय नहीं करने की बात कही। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि भोपाल में 25 दिन की व्यवस्था खत्म करके भोपाल नगर निगम ने विशेष कार्य किया है। इसके साथ ही सफाई काम में ठेकेदारी को भी खत्म किया गया है। कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा कि फ्रंट लाइन वर्कर के लिए राज्य शासन को सोमवार को ही प्रताव भेजा जाएगा। जिले में सफाई कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा और प्रमोशन संबंधी करवाई के लिए नगरीय प्रशासन से मार्गदर्शन लिया जाएगा। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ सुरक्षा के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा सके इसके लिए भी नगर निगम को निर्देश दिए है।

आयुक्त नगर निगम केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि नगर निगम में अधिकतर बड़े सफाई के काम मशीनों के माध्यम से कराए जा रहे है इसमें सहयोग के लिए सफाई कर्मचारियों को लगाया जाता है। सेफ्टी टैंक को खाली करने का काम पूर्णत मशीनों से ही कराया जा रहा है। कोरोना संक्रमण काल में सुरक्षा के लिए मास्क, दस्ताने, सेनेटाइजर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य परिक्षण के लिए भी व्यवस्था की गई है। बैठक में सभी कर्मचारी संगठनों में अपनी मांगों के लिए लिखित में भी आवेदन दिए।

# ड्राइंग, पेंटिंग प्रतियोगिता द्वारा%प्लाटिक प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने का संदेश

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर

### ओमकार इवेंट व VPP साथ मिलकर करेगे आयोजन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-बढ़ती हुई जनंसख्या वृद्धि के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग अत्यधिक होने लगा है जिसकी बजह से चारो तरफ प्लास्टिक प्रदूषण फैल रहा है। इसके दुष्परिणाम पर्यावरण के साथ ही हमारे जीवन पर हो रहे है। इस बात को ध्यान में रखते हुए। ओमकार इवेंट द्वारा चित्रकला (ड्राइंग, पेंटिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने वाली मुहिम चलाने वाली संस्था VPP का विशेष सहयोग रहेगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये 26 जनवरी तक ड्राइंग, पेंटिंग ऑनलाइन 6262635050 पर what-saap कर सकते हैं। या हमारे सोशल पेज फेसबुक,इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट कर सकते है। प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों को डिविशन ऑफिसर क्छ्ष्ठ के मार्गदर्शन में प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। इसके अलावा crackupsc.org द्वारा कलाकृतियों को उपहार पुरुस्कार बितरण किये जायेंगे।




# हुंडी दलाल आशू गुप्ता से पीड़ित व्यवसाईयों ने आज MPCCI के पदाधिकारियों से मिलकर, सख्त कार्यवाही किए जाने की माँग की



### पीड़ित व्यवसाईयों को पदाधिकारियों ने दिया उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** शहर के व्यवसाईयों के साथ आशू गुप्ता द्वारा की गई धोखाधड़ी से पीड़ित व्यवसाईयों द्वारा एमपीसीसीआई में पधार कर, पदाधिकारियों के सम्मुख अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहाकि पुलिस द्वारा अभी तक आशू गुप्ता के रिश?तेदार अथवा परिवार सहित ऐसे लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया, जिन्हें उसके द्वारा आर्थिक लाभ पहुँचाया गया है, जिसके कारण व्यवसाईयों का करोड़ो रुपये फंसा हुआ है और पीड़ित व्यवसाईयों को नहीं मिल पा रहा है । बैठक में उपस्थित अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने पीड़ित व्यवसाईयों को आश?वस्त किया कि शीघ्र ही संस्था के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक महोदय से पुनः मिलेंगे और उन्हें ज्ञापन सौंपकर, माँग करेंगे कि आशू गुप्ता द्वारा जिन लोगों को पैसा ट्रांसफर किया गया है तथा बेनामी सम्पत्ति अर्जित की गई है, उन सभी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए, उनकी गिरफ्तारी की जाए और उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर, नगदी व सम्पत्ति को राजसात किए जाने की माँग की जाएगी । पदाधिकारियों ने पीड़ित व्यवसाईयों से यह भी कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाएगा और उनसे उचित कार्यवाही हेतु सहयोग की माँग की जाएगी । बावजूद इसके यदि पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की जाएगी, तो आंदोलन भी किया जाएगा । आज की बैठक में पीड़ित व्यवसाई, सर्वश्री गोपालकृष्ण अग्रवाल, मनीष बांदिल, दिलीप पंजवानी, श?याम बंसल, दीपक बंसल, कन्हैया मित्तल, मनीष गोयल, नन्दलाल जैसवानी, नन्दकिशोर गोयल, माधव अग्रवाल, योगेश गोयल एवं गोकुल बंसल आदि उपस्थित थे ।

# श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने किया संघ का विस्तार।

**ग्वालियर।** श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष इं. विजय शर्मा ने जानकारी दी कि विगत कई वर्षों से श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी गण संघ के उद्देश्य समाज में व्यापत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हुए शिक्षा को बढ़ावा देकर हर वर्ग के परिवार के बच्चों को शिक्षित कर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मदद पहुंचाना संघ की ओर से पहल जारी है। संघ के पदाधिकारी गण अपने-अपने क्षेत्रों में मृत्यु भोज को सीमित करने हेतु पहल जारी रखे हुए हैं और पदाधिकारियों को इसमें काफी सफलता हासिल मिली है। संघ की पहल को आमजन तक पहुंचाने हेतु संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विजय शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. नागेंद्र दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं म.प्र. प्रभारी श्याम सुन्दर शर्मा ने मध्य प्रदेश में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये राष्ट्रीय सचिव एंव नियुक्ति समिति अध्यक्ष अरूण मिश्रा एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विपिन शर्मा तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरूण व्यास एवं युवा संस्थापक सदस्य अमन मिश्रा,राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट अनामिका शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मध्य प्रदेश श्रीमती कविता मेहता की सहमति और मध्य प्रदेश महिला युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मोनिका शर्मा और शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी विपिन भार्गव की सहमति से शहर के सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री को राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रबुद्धजन सभा, युवा प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय संगठन मंत्री गौरव तिवारी, प्रदेश सचिव अधिवक्ता दिनेश पाराशर, अटल बिहारी मिश्रा, सुनील गौतम सहित महिला प्रकोष्ठ में महिला जिला उपाध्यक्ष श्रीमती विजया शर्मा, श्रीमती पिंकी खेमरिया, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना तिवारी, युवा सहसचिव विनय कौशिक के अलावा संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी वासुदेव मिश्रा को प्रदेश प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने सभी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई।




# फूलबाग चौराहा, गांधी पार्क के साथ ही वार्ड में गलियों को सजाया तिरंगे की थीम पर , दिया स्वच्छता का संदेश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** - नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान के तहत गणतंत्र के अवसर पर निगम के पार्क विभाग के उद्यान निरीक्षक श्री अंकित परिहार की टीम द्वारा फूलबाग चौराहे एवं गांधी पार्क को गणतंत्र स्वच्छता का संदेश देते हुए तिरंगा पैटर्न पर सजाया गया तथा आम जनों से स्वच्छता की अपील की गई। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देशानुसार शहर को साफ व स्वच्छ रखने व आमजनों में स्वच्छता का संदेश देने के लिये नये-नये नवाचार कर निगम द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसी के तहत शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसी के साथ ही फूलबाग चैराहे पर गांधी पार्क को तिरंगे की थीम पर सजाया गया तथा पार्क में आने वाले सभी नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। वार्ड मॉनिटर श्री रामसेवक शाक्य द्वारा वार्ड की गलियों में गुब्बारे सजाकर आम जनों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा ग्राम/नगर रक्षा समिती के सदस्यों का सम्मेलन किया आयोजित ।

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 22.01.22 को नव निर्मित पुलिस बैरेक पुलिस लाईन शिवपुरी में नगर/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित किया गया । जिले मे सभी अनुभाग स्तरों पर ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया एवं ओनलाइल लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि चूंकि नगर/ग्राम रक्षा समिति के सदस्य बिना वेतन भत्तों के निःस्वार्थ भाव से जनसेवा में लगे हुए, आप सब लोग एक वालेंटियर के रूप में कार्य कर रहे हैं । हमें इनका धन्यवाद व्यक्त करना चाहिए, ये सभी लोग धन्यवाद के पात्र है, आगामी चुनाव में भी आप सब लोग जनसेवा पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर अपनी निःस्वार्थ सेवाऐं दें । प्रशिक्षण में समस्त ग्राम रक्षा समिती के सदस्यों को बताया कि अगर कोई अनजान एवं संदिग्ध व्यक्ति आपके गांव में आता है तो उसकी सूचना थाने को जरुर दें, साथ ही चोरी, लूट, डकैती जैसी अन्य घटनाओं पर रोक लगाने के लिये तथा अपराधों की रोकथाम में पुलिस की मदद कर शिवपुरी को अपराध मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें । इस मौके पर सभी ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को ट्राफिक जैकेट, केप एवं व्हिसिल एवं एक-एक मास्क सामग्री वितरित की गई । पुलिस अधीक्षण शिवपुरी ने बताया कि जिनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जाता है उन्हें गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जावेगा । इसके बाद पुलिस के साथ नगर/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने शहर मे रैली निकाली ।




इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, रक्षित निरीक्षक भारत सिंह यादव, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. सुनील खेमरिया, थाना प्रभारी देहात निरी. विकाश यादव, थाना प्रभारी फिजिकल उनि. कृपाल सिंह राठौर, सूबे. भानूप्रताप सिंह सिकरवार, जिला के ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने विद्यार्थी : मंत्री डॉ भदौरिया

## शिक्षा के साथ-साथ रोजगार की भी अति आवश्यकता है : राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा 30 शिक्षा की हम सबके ज्ञान को विकास और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से जोड़ती है जब हम शिक्षा के क्षेत्र में निपुण होंगे तो हम अपने जिले का नाम बाहर देश और विदेशों में भी रोशन कर सकेंगे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है हर क्षेत्र में खेल शिक्षा एवं आत्म निर्भर की दिशा से जोड़ने के लिए कई योजनाओं को संचालित कर रही है जिसका हम सब लाभ लेकर आगे बढ़े तभी हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे । यह उद्गार उन्होंने भिंड शहर के वार्ड क्रमांक 4 भीम नगर के कलर्स मैरिज गार्डन के नवीन प्रतिष्ठान का लोकार्पण एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के मकर संक्रांति के अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने कहा की मकर संक्रांति का पर्व हिंदुओं के आस्था का केंद्र है जिसे हम बड़ी धूमधाम के साथ बनाते हैं 7 आप सभी को बहुत-बहुत संक्रांति की शुभकामनाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर आगामी चुनाव के लिए 2023 एवं 2024 के लिए हम तैयार रहें इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार भी हर व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है जब रोजगार हमें मिलेगा तब हम अनेक योजनाओं को अपने हाथ में ले सकेंगे क्योंकि शिक्षा और रोजगार दोनों ही व्यक्ति के लिए अति आवश्यक है और मेरे विधानसभा उपचुनाव में जिन लोगों ने कड़ी मेहनत की मैं उनका कभी भूल नहीं सकता और आप सभी के साथ मिलकर सत्ता और संगठन की ताकत को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे इस अवसर पर मैरिज गार्डन के संचालक टीकम सिंह कुशवाह,अजीत सिंह कुशवाह एवं जीतेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने साथियों के साथ डॉक्टर अरविंद्र सिंह भदौरिया एवं ओ पी एस भदौरिया को श्री कृष्ण की आकर्षक प्रतिभा देकर स्मृति चिन्ह के रूम में भेंट किया और उनका पुष्पा वर्षा से स्वागत किया सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया एवं नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने फीता काटकर लोकार्पण किया । भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया,राजीव सिंह भदौरिया,अनिल सिंह भदौरिया अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदोरिया मंडल अध्यक्ष,शैलेंद्र सिंह भदोरिया रोमेश कृष्ण शास्त्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# सड़क पर चलना है तो करना होगा नियमों का पालन यातायात थाना प्रभारी

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- खबर यातायात से है जहाँ यातायात थाना प्रभारी रणवीर यादव द्वारा बताया गया की सड़क पर चलना है तो नियमों का पालन करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है नियमों का पालन ना करने पर जवाबी कार्यवाही की जा सकती है और की जाएगी जानकारी के अनुसार बताया गया अभी हाल ही में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर न्यायालय द्वारा ई-चालान ना जमा करने पर श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 10 लोगों के खिलाफ 5-5 हजार के जमानती वारंट जारी किए गए थे जिसमें से 9 लोगों ने ई- चालान की राशि जमा कर दी किंतु जमानती वारंट जारी होने के बाद भी मोनिका खटीक द्वारा ई-चलानी राशि जमा नहीं की गई। जिसके फल स्वरुप श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा मोनिका खटीक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।



**मप्र में एक महीने में 700 प्रतिशत बढ़े निकाह**

# काजी बोले- आने वाले कानून का डर, जिसमें लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल होने वाली है



**भोपाल।** देश में लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने के केंद्र सरकार के फैसले की आहट के बीच निकाह की संख्या तेजी से बढ़ी है। मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर जैसे 10 शहरों में निकाह की संख्या 42 प्रतिशत से 700 प्रतिशत तक बढ़ी है। यह खुलासा अक्टूबर से दिसंबर के बीच मस्जिदों में हुए निकाह के आंकड़ों की पड़ताल में हुआ है। निकाह की संख्या में सबसे ज्यादा 700 प्रतिशत की बढ़ोतरी रायसेन में हुई है।

भोपाल की मसाजिद कमेटी के सचिव यासिर अराफात ने बताया कि दिसंबर के आखिरी सप्ताह में निकाह के करीब 1 हजार आवेदन आए हैं। इनमें से अधिकांश ने अगले कुछ दिनों में ही निकाह की तारीख दिए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिसंबर में भोपाल में करीब 950 निकाह हुए हैं। यह पहले हो रहे निकाह की औसत संख्या से ज्यादा है। इसकी वजह लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल किए जाने के कानून आने की सुगबुगाहट है। इसके अलावा निकाह की संख्या बढने़ की दूसरी बड़ी वजह कोविड की सख्त बंदिशें लागू होने की आशंका है। जिंसी निवासी रियाज कुरैशी की शादी माहविया के साथ होना तय हुआ था। निकाह कुछ साल बाद होना था, लेकिन लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल तय होने के कानून बनने की आहट के चलते पिछले महीने परिजन ने दोनों का निकाह कर दिया।

**6 महीने पहले कर दी शादी:** भोपाल के काजी कैंप इलाके में रहने वाले जावेद (परिवर्तित नाम) ने बेटी का रिश्ता रायसेन में तय कर दिया था। मई 2022 में निकाह होना था, लेकिन इसे बीते महीने ही करा दिया गया। इसके पीछे जावेद का तर्क है कि अभी बेटी 19 साल की है। उसका रिश्ता एक साल पहले तय कर दिया था। अगर लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल कर दी, तो बच्ची के निकाह के लिए दो साल और इंतजार करना पड़ता। इस कारण पिछले महीने भोपाल की ताजुल मसाजिद में बेटी का निकाह कर दिया।

**परिजन, निकाह रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेजों के साथ होते हैं पेश:** निकाह के लिए कमेटी के सामने लड़का और लड़की के परिजन को दस्तावेजों के साथ पेश होना पड़ता है। दस्तावेजों की जांच के बाद काजी, संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार को निकाह के लिए पाबंद करते हैं। जो तय तारीख पर निकाह पढ़वाते हैं।

**निकाह की तादाद बढ़ी है:** सूफी इस्लामिक बोर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाफिज मोहम्मद दानिश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निकाह की जो एज फिक्स कर दी है, उसे देखते हुए काफी तादाद में निकाह हो रहे हैं। लॉकडाउन भी इसकी एक वजह है। भोपाल में तो निकाह पहले करना और बाद में विदाई करने का रिवाज शुरू से ही चलता आ रहा है।



## साधु-संतों व गरीबों को कम्बल बाँटकर पूर्व कैबिनेट मंत्री के स्वस्थ होने की कामना की।

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** शताब्दीपुरम स्थित दंदरौआ धाम मंदिर में समाजसेवी व भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा के संभागीय अध्यक्ष श्री सौरभ शर्मा ने साधु-संतो व गरीबों को कम्बल बाँटकर माननीय पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री जयवर्धन सिंह के स्वस्थ होने के लिए शताब्दीपुरम में स्थित मंदिर में शिव अर्चना की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से माननीय मंत्री जी का स्वास्थ्य खराब चल रहा है उनके स्वस्थ होने की कामना को लेकर आज दंदरौआ धाम स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर गरीब महिलाओं और बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया गया।तथा सौरभ शर्मा जी ने जल्द ही मंत्री जी के स्वस्थ होने को लेकर साधु-संतों से भी आशीर्वाद लिया।

## दबोह में हुई बारिश से किसानों की फसलों में नुकसान की सम्भावना

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से अभी किसान उभर ही नही पाया था कि शनिवार की सुबह एक बार फिर किसानों के ऊपर बारिश कहर बन कर टूटा दबोह के आसपास ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश ने किसानों की बची हुई फसलों में नुकसान होने की संभावना है। शनिवार को हुई झमाझम बारिश के साथ साथ तेज हवा के चलते किसानों के खेत मे खड़ी सरसो, मटर की फसले जमीदोज हो गई हैं। तो वही कई किसानों के खेतों में अभी भी गेंहू की फसल की बुआई नही हुई है। अचानक हुई बेमौसम बारिश ने किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।



### नगर परिषद ने नही अलाव जलाने की व्यवस्था

पहले ओलावृष्टि इसके बाद शनिवार को हुई बारिश तथा सर्द हवाओं के चलते नगर में सर्दी का प्रकोप जारी है। मगर दबोह नगर परिषद प्रशासन ने अभी जनता के लिए नगर में कही भी आलाव जलाने की व्यबस्था नही की गई है। जबकि इन सर्दी के मौसम में नगर परिषद को नगर के चौराहों, गलियों में आलाव जलाने के लिए अधिकृत होता है। मगर कुम्भकर्णी नींद में सो रहा स्थानीय प्रशासन को इन सर्द हवाओं का प्रकोप दिखाई नही दे रहा है तो वहीं नगर के राजनैतिक दल के नेता,कार्यकर्ता अपने घरों में छुप कर नगर परिषद की मनमानी को अपनी मौन स्वीकृति देते नजर आ रहे है।

## महाराष्ट्र और कर्नाटक तक बेचीं चोरी की गाड़ियां

### कंजर गिरोह ने किया चौंकाने वाला खुलासा एक हजार गाड़ियां चुरा चुके हैं



**इंदौर।** शहर से दोपहिया वाहन चुराने वाले कंजर गिरोह ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। करीब एक हजार गाड़ियां चुरा चुके बदमाश महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी चोरी की गाड़ियां सप्लाई कर रहे थे। पुलिस को चकमा देने के लिए हर दूसरी वारदात में भागने का रास्ता और चोरी का समय बदल लेते थे। पुलिस ने 200 स्थानों से जुटाए सीसीटीवी फुटेज से 25 कंजरों को चिन्हित कर गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है।

डीसीपी जोन-2 संपत उपाध्याय के मुताबिक आरोपित अनिकेत पुत्र दिनेश झांजा निवासी धानीघाटी, दिनेश पुत्र अंतरसिंह झांजा निवासी धानीघाटी, अजय पुत्र अंतरसिंह झांजा निवासी धानीघाटी, विलाश उर्फ पप्पू पुत्र राजकुमार सोनी निवासी मोमनटेला देवास और राहुल पुत्र निर्भय गुर्जर निवासी दुधिया खुड़ैल को पंप लूटने की साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया था। गुरुवार रात हुई पूछताछ में आरोपितों ने बताया गिरोह में करीब 40 लोग शामिल है। कुछ विभिन्न शहरों में चोरी, लूट और ट्रक कटिंग करते है। कुछ भोपाल, उज्जैन और इंदौर से दोपहिया वाहनों की चोरी करते है।

वाहन चुराने वाला गिरोह उसी माडल, रंग की गाड़ी चुराता है जिसका आर्डर मिलता है। चोरी की गाड़ियां महाराष्ट्र और कर्नाटक तक सप्लाई होती है। कुछ गैरेज संचालक भी जुड़े हैं जो पार्टस निकालकर गाड़ी गला देते हैं। डीसीपी के मुताबिक आरोपित अभी तक एक हजार से ज्यादा गाड़ियां चुरा चुके है।

पूछताछ में पुलिस को चकमा देने की तरकीब भी बताई है। चोर हर दूसरी वारदात के बाद रास्ता बदल लेते थे। टोल नाकों से सीसीटीवी फुटेज न मिलें इसलिए गांवों से गुजरने वाले कच्चे रास्तों का उपयोग करते थे। प्रभात गश्त के दौरान पुलिसवाले भ्रमण करते

### गाड़ी पार्क करते ही पीछा करता है चोरों का साथी

डीसीपी के मुताबिक आरोपित अस्पताल, कोचिंग क्लास, माल जैसे स्थानों को चुनता था। आरोपित पार्किंग में आकर खड़े हो जाते थे और वाहनों की रैकी करने लगते थे। जैसे ही वाहन चालक गाड़ी खड़ी कर अंदर जाता गिरोह का सदस्य उसका पीछा कर ध्यान रखने लगता। बाहर खड़ा साथी लाक तोड़कर गाड़ी गायब करता और फरार हो जाता था। डीसीपी के मुताबिक पुलिस अब चिन्हित चोरों के पोस्टर चस्पा करेगी। पार्किंग में सीसीटीवी, गार्ड तैनात करने के लिए भी विभिन्न संस्थानों को हिदायत दी गई है।

## पूर्व विधायक कैसाराम चौधरी का जन्मदिन धूम-धाम से मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** –सिवास में जिला परिषद् सदस्य मंजू दिनेश कुमार चौधरी सिवास के निवास स्थान पर जन जन के लाडले जन हितैषी लोकप्रिय मारवाड जंक्शन विधान सभा क्षेत्र से पूर्व विधायक केसाराम चौधरी साहब का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया ।इस अवसर पर थाणे वडेर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी ने पूर्व विधायक केसाराम चौधरी को शॉल ओंढाकर बहुमान किया ।ओर गांव में मिठाइयां बांटी इस अवसर पर स्वागत करते हुए सिवास के ग्राम वासी ओगड़राम , चुन्नीलाल, सुरेश, वोराराम, गणेश , उप सरपंच कैलाश सरगरा,जिला परिषद् सदस्य मंजू दिनेश कुमार चौधरी सहित गांव के कई नागरिक उपस्थित रहे

# मप्र में बाघों की संख्या 700 के पार पहुंचने की उम्मीद

### अब बनाना होगा कारिडोर, प्रदेश में बाघ गणना का पहला चरण हुआ पूरा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या में वृद्धि की पूरी संभावना है पर कारिडोर विकसित किए बगैर बाघों की बढ़ती आबादी को संभाल पाना मुश्किल होने लेगा है। वन अधिकारियों का मानना है कि प्रदेश में बाघों को रखने की मौजूदा क्षमता सात सौ है। यह आंकड़ा वर्तमान बाघ गणना में पार होने की पूरी संभावना है। ऐसे में कारिडोर विकसित करना जरूरी हो गया है। वरना, आने वाले समय में बाघों के बीच झगड़े बढ़ेंगे, वे जंगलों से बाहर निकलेंगे और मौत का ग्राफ भी। वर्तमान में प्रदेश में एक भी ऐसा कारिडोर नहीं है, जो बगैर मानवीय दखल के एक से दूसरे संरक्षित क्षेत्र को जोड़ता हो। यही कारण है कि प्रदेश में बाघों की मौत का ग्राफ भी देश में सबसे अधिक है। पिछले एक साल में 46 बाघों की मौत हुई है। वर्ष 2018 के बाघ आकलन के अनुसार प्रदेश में 526 बाघ हैं। यह आंकड़ा देश में सबसे ज्यादा है, जो इस साल की जा रही गणना में सात सौ के पार जाने की संभावना जताई जा रही है। यह स्थिति मध्य प्रदेश के गौरव और पर्यटन के लिहाज से तो ठीक है, पर बाघों के लिहाज से बेहतर नहीं कही जा सकती है। क्योंकि प्रदेश की बाघ धारण क्षमता में पिछले सालों में वृद्धि नहीं हुई है। कारिडोर विकास की बात लंबे समय से कही जा रही है पर अब तक कोई सकारात्मक प्रयास नजर नहीं आए हैं। यही कारण है कि बाघ जंगलों से बाहर दिखाई दे रहे हैं।

**टाइगर रिजर्व में भी क्षमता से अधिक बाघ:** वर्तमान में प्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों में क्षमता से डेढ़ और दो गुने बाघ हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की क्षमता 75 बाघ की है, पर पार्क में 124 बाघ हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व की क्षमता 70 बाघ की है। यहां 108 बाघ हैं। यही स्थिति पेंच और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की है। पेंच में 82 और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 50 से अधिक बाघ हैं। सिर्फ संजय दुबरी टाइगर रिजर्व सीधी ही ऐसा पार्क है, जहां बाघों की संख्या कम है। पार्क में वर्ष 2018 की गणना में छह बाघ पाए गए थे।

**बाघ आकलन का पहला चरण पूरा:** प्रदेश में पहले चरण की बाघ गणना पूरी हो गई है। इस चरण में वनकर्मियों ने बाघों की उपस्थिति के प्रमाण (पेड़ों पर खरोंच के निशान, मल-मूत्र के निशान, घास पर लौट लगाने के निशान और पैरों के निशान) जुटाए हैं। प्रदेश के एक दर्जन जिलों में दूसरा चरण शुरू हो गया है। जिसमें जंगल में ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं।

**प्रदेश में इतने कारिडोर:** कान्हा से पेंच टाइगर रिजर्व, पेंच से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, सतपुड़ा से मेलघाट (महाराष्ट्र) टाइगर रिजर्व, बांधवगढ़ से संजय दुबरी टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व से रातापानी अभयारण्य, रातापानी से ओंकारेश्वर अभयारण्य, पन्ना से माधव टाइगर रिजर्व शिवपुरी, माधव से कुनो पालपुर नेशनल पार्क श्योपुर, कुनो पालपुर से रणथंभोर (राजस्थान) टाइग रिजर्व, पन्ना से रानीपुर (उत्तर प्रदेश) नेशनल पार्क, संजय दुबरी से घासीदार होते हुए झारखंड का पलामऊ पार्कशामिल हैं।

## समाधान योजना के तहत विद्युत मंडल ने लगाया शिविर, उपभोक्ताओं को दी योजना की जानकारी



प्रदेश सरकार की समाधान योजना के तहत शनिवार को बैराड़ नगर सहित एनपुरा,मड़रका,देवरी और गाजीगढ़ में बिजली विभाग द्वारा शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कनिष्ठ यंत्री अविनाश चंद्र गौतम ने बताया कि कोविड-19 के दौरान 1 किलो वाट तक के संयोजक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत देयकों की 31 अगस्त 2020 तक की मूल बकाया राशि एवं अधिभार की वसूली को स्थगित किया गया था। उपरोक्त परिपेक्ष में आस्थगित राशि के भुगतान में इन उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा समाधान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। आस्थगित मूल राशि का 60 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि एवं शेष 40 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। आस्थगित मूल राशि का 75 प्रतिशत 6 समान मासिक किस्तों में भुगतान करने पर 100 प्रतिशत अधिभार की राशि एवं शेष 25 प्रतिशत मूल बकाया राशि माफ की जाएगी। उपभोक्ताओ को इस योजना का लाभ दिनांक 31 जनवरी तक कंपनी द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। शनिवार को पांच स्थानों पर लगे शिविर में 100 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं का पंजीयन कर योजना के लाभ के संबंध में जानकारी दी गई वहीं कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही राशि जमा कर योजना का लाभ प्राप्त किया।

**स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दो बार जबलपुर की जेल में बंदी के रूप में रहे सुभाष चन्द्र बोस**

# जबलपुर की केंद्रीय जेल में नेताजी की यादों का संग्रहालय

**जबलपुर।** आजाद हिंद फौज बनाकर स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों को सीधे चुनौती देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस करोड़ों लोगों के दिलों की धड़कन हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दो बार जबलपुर की जेल में बंदी के रूप में रहे। अब प्रदेश सरकार ने जेल के उस हिस्से को संग्रहालय में बदल दिया है। नेताजी की जयंती 23 जनवरी को यह स्मारक आम आदमी के लिए लोकार्पित कर दिया जाएगा।

नेताजी इस केंद्रीय जेल में दो बार 1931 और 1933 में बंदी रहे। जिस काल-कोठरी में उन्होंने अपना स्याह वक्त गुजारा, उस काल-कोठरी को देश का हर नागरिक देख सकेगा। जिन बेड़ियों में यातनाओं के लिए नेताजी को जकड़ा जाता था, जो वर्दी उन्होंने गिरफ्तारी के वक्त पहनी थी, वो नई पीढ़ी के लिए आस्था और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। जबलपुर जेल में रात के वक्त उनको बेड़ियों में जकड़कर रखा जाता था। दिन में उनसे कोल्हू चलवाया जाता था। ओखली में मसाले कुटवाए जाते थे। उनसे आम मजदूरों की तरह गैंती चलवाई जाती थी। ऐसी सभी चीजों को जेल प्रशासन ने संरक्षित कर रखा है। इसी तरह से नेताजी की जेल-यात्रा के दौरान के अन्य सभी अभिलेख भी यहां लोग देख सकेंगे। बैरक को बिल्कुल वैसा ही स्वरूप देने का प्रयास किया है, जैसा नेताजी के समय था। यहां नेताजी की स्मृतियां देखने आने वालों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।





### चित्र प्रदर्शनी लगेगी

संग्रहालय के पास ही स्थित एक बड़े हाल में नेताजी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें नेताजी के बचपन से लेकर आजाद हिंद फौज का संचालन करने तक की जीवंत झांकी प्रस्तुत होगी।

### किए गए हैं कई बदलाव

पहले नेताजी की बैरक तक पहुंचने के लिए मुख्य द्वार से लगे दरवाजे से जाना पड़ता था, लेकिन अब इसे पूरी तरह से बंद किया जा रहा है। संग्रहालय तक पहुंचने के लिए एक नया द्वार और रास्ते का निर्माण हो चुका है। करीब सौ मीटर लंबे इस रास्ते के दोनों ओर फूल लगाए गए हैं। बैरक के बगल में ही नेताजी की प्रतिमा स्थापित है।

### देश में दूसरा संग्रहालय

बताते हैं कि यह देश में अपनी तरह का दूसरा संग्रहालय होगा। इससे पहले 2019 में नेताजी की याद में दिल्ली में एक संग्रहालय स्थापित किया गया था।

### लोकार्पण कल

नेताजी की 126वीं जयंती पर जेल परिसर में निर्मित नेताजी सुभाषचंद्र बोस संग्रहालय का लोकार्पण किया जा रहा है। इस संग्रहालय के माध्यम से लोगों को नेताजी के उन अनछुए पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी, जो नई पीढ़ी को प्रेरित कर सके।

## ग्वालियर की बेटी को मिला मुंबई से इंडिया, achieve स्टार अवॉर्ड



ग्वालियर में कला की कमी नहीं है बस पहचानने की देरी है ग्वालियर की मिसेज खुशी सिकरवार को मिला इंडिया टॉप टेन लिस्ट में आने का मौका ग्वालियर से जीता उन्होंने सुपर वूमेन मॉडल ऑफ द ईयर का किताब इंडिया में से टॉप 10 की लिस्ट में रही शामिल जिसमें बड़े-बड़े सेलिब्रिटी भी रहे शामिल जिसमें मुस्कान जैन (जेनी) दिनेश मोहन खिजार हुसैन पीएस गीत नेहा श्रीवास्तव संगीता गेरू मिली शर्मा इंडिया ट्रांसजेंडर नाज जोशी शामिल रहे प्रोग्राम आदित्य सक्सेना आदित्य क्रिएशन के द्वारा प्रोग्राम हुआ था श्री सक्सेना ने बताते हुए कहा ऐसे प्रोग्राम ग्वालियर की प्रतिभा को मार्गदर्शन मिले तो वाह बहुत आगे जा सकती है खुशी सिकरवार के परिवार ने इस अवसर पर मिठाईयां वह खुशियां जाहिर की

# मथुरा में हुआ रेल हादसा ग्वालियर पहुंचने वाली ट्रेनों के रूट बदले

**ग्वालियर।** भोपाल से आने वाले रेल गाड़ियों के रूट बदल दिए गए है। वहीं दिल्ली से बाने वाली गाड़ियों के भी रूट बदल दिए गए है। बता दें कि मथुरा के वृदांवन के पास मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से नीचे आ गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में जनहानि नहीं हुई। लेकिन हादसे से ट्रेनों में फेरबदल किया गया। कुछ ट्रेनें तो रद्द भी कर दी गई है। बता दें कि दिल्ली से भोपाल जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। बता दें कि इस हादसे से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे बोर्ड ने रेल्वे के परिचान में कुछ फेरबदल किए है। फिलहाल दुर्घटना क्षेत्र में राहत का कार्य जारी है। रेलवे बोर्ड की मानों तो कुछ ही घंटों में राहत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**इन ट्रेनों को किया रद्द:** गाड़ी संख्या 12002/12001 नई दिल्ली-रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस दोनों तरफ से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12642 हजरत निजामुद्दीन-कन्याकुमारी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12808 हजरत निजामुद्दीन विशाखापत्तनम एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**इनका रूट बदला:** गाड़ी संख्या 11058 अमृतसर-



छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस वाया गजियाबाद-अलीगढ़ जंक्शन-मितावली-एत्मादपुर-आगरा कैंट होकर चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 12721 हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 12919 डॉ.अम्बेडकर नगर-श्री माता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस, 12979 वास्कोडिगामा-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 12615 चेन्नई-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 22691 वेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 12085 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया आगरा कैंट-एत्मादपुर-मितावली-गाजियाबाद होकर गाड़ी संख्या हैदराबाद-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर सेंट्रल-टुंडला-गाजियाबाद होकर चल रही है। गाड़ी संख्या 12626 नई दिल्ली-त्रिवेंद्रम सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गाजियाबाद-मितावली-एत्मादपुर-अगरा कैंट होकर चल रही है। अमृतसर से प्रस्थान कर बिलासपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मेरठ सिटी-हापुड़-खुर्जा जंक्शन-टुंडला-प्रयागराज जंक्शन-मानिकपुर-कटनी होकर चलाई जा रही है। 21 जनवरी को फिरोजपुर से प्रस्थान कर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को जाने वाली गाड़ी संख्या 12138 पंजाब मेल परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-अलवर-मथुरा जंक्शन होकर चल रही है। गाड़ी संख्या 12618 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 12650 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर होकर चल रही है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले चोरों को हुई पांच-पांच साल की

ग्वालियर। ट्रेनों में जहर खिलाकर चोरी करने वाले आरोपियों को कोर्ट ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों को सजा सुनाने के बाद जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि यह आरोपी ट्रेनों में यात्रियों को खाने में जहर खिला देते थे, उसके बाद यात्री बेहोश की अवस्था में पहुंचता ऐसे में यह चोर यात्री का सामान लेकर निकल लेते थे। जीआरपी ने इन चोरों को पकड़ा और न्यायालय में पेश किया, चालान पेश होने के बाद ट्रायल चली तो यह सिद्ध हो गया कि चोर वारदात को अंजाम देने के लिए जहर का इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद कोर्ट ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक जगदीश शाक्यवार ने बताया कि फरियादी रितु अपने पति के कैंसर के इलाज के लिए आई थी और भिंड जाने के लिए 30 सितंबर 2018 को ग्वालियर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर लिंक इंदौर इटावा लिंक एक्सप्रेस का इंतजार कर रही थी। वहीं पर एक युवक से बातचीत होने लगी। उनके पति को ट्रेन बिठाने की मदद की। ट्रेन में बैठने के बाद बातचीत होने लगी। रास्ते में पति को जूस देना था। एक गिलास जूस निकालकर पति को दिया और जो बचा, उसे रितु ने पी लिया। जूस पीने के बाद नींद आ गई। उनकी नींद इटावा में खुली। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनके पति की मौत हो गई। उसके बाद ग्वालियर के जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बल्ली उर्फ नवलकिशोर व उनकी पत्नी जयदेवी पर केस दर्ज कर चोरी किया हुआ माल बरामद कर लिया। पुलिस ने जांच कर कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपितों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

## चोला मोर माटी नाटक का मंचन आज

**ग्वालियर।** नाट्य संस्था आर्टिस्ट कंबाइन के नाट्य महोत्सव के अंतर्गत 30 जनवरी की शाम 7-30 बजे चोला मोर माटी नाटक का ऑनलाइन मंचन किया जाएगा। इसके लेखन परिकल्पना और निर्देशक सुषमा शर्मा है। जबकि प्रस्तुति में सहयोग समन्वयक अनुमंडल प्रयागराज का होगा ।इस नाटक की अवधि 1 घंटा 10 मिनट रहेगी ।आर्टिस्ट कंबाइन से मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तुति के दौरान दर्शक अपने विचार कमेंट बॉक्स में लिख सकते हैं।

# 36 साल पहले गायब हुआ आरोपी को पुलिस ने दबोचा, कोर्ट ने की जमानत

**ग्वालियर।** कोर्ट में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है, 36 साल पहले एक दुधिया को मिलावटी दूध के मामले में आरोपी बनाया गया था। जिस वक्त दूधिया को आरोपी बनाया गया था उस वक्त उसकी उम्र 35 साल थी, लेकिन आरोपी दुधिया 36 साल से गायब हो गया था। न ही कोर्ट में हाजरी लगाई और न थाने पहुंचा इस दौरान पुलिस भी दुधिया को तलाश भी रही थी लेकिन दुधिया पूरे 36 साल बाद पुलिस के हाथ में लगा जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दुधिया को जेल भेज दिया। जब आरोपी ने जमानत लगाई तो कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी। बताया जा रहा है कि अब आरोपी की उम्र 64 साल है। जानकारी के मुताबिक अपर सत्र



न्यायाधीश आदित्य रावत ने मिलावटी दूध का कारोबार करने वाले आरोपी प्रभुदयाल शर्मा निवासी मुरैना का जमानत आवेदन खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस केस को विशेष केस में चिन्हित किया है। बता दें कि 23 सितंबर 1985 को खाद्य विभाग जांच रहा था। उस वक्त खाद्य विभाग की टीम गोले के मंदिर पर थी तभी प्रभुदयाल मुरैना से दूध लेकर आ रहा था। जांच टीम ने प्रभुदयाल के दूध का सैंपल ले लिया था। जांच में सैंपल फेल हो गया। जिसके बाद प्रभुदयाल पर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। लेकिन उस वक्त आरोपी जमानत पर रिहा हो गया था। लेकिन उसके बाद आरोपी मात्र 2 बार ही कोर्ट में पेश हुआ उसके बाद से गायब हो गया था। यहां कोर्ट से आरोपी के गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो गए थे। लेकिन पुलिस भी आरोपी को नहीं तलाश पाई। आरोपी पूरे 36 साल बाद पुलिस के हाथ लगा। जिसके बाद यह मामला फिर से कोर्ट में गया, लेकिन अब कोर्ट ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी है। आरोपी ने कोर्ट में तर्क दिया था कि वह मजूदर है काम करने के लिए बाहर निकल गया था।

# पुलिस की उपस्थिति शहर की सड़कों पर दिखनी चाहिए जिससे अपराधियों के मन में भय व्याप्त हो : आईजी

**ग्वालियर।** नवागत पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अनिल शर्मा,भापुसे द्वारा आज आईजी ग्वालियर का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर एसएसपी ग्वालियर अमित सांघी,भापुसे द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर जिले के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। आज सांय पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर में आयोजित पत्रकारवर्ता में नवागत पुलिस महानिरीक्षक ने अपनी प्राथमिकताओं को जाहिर किया। उनके द्वारा कहा गया कि पुलिस की उपस्थिति शहर की सड़कों पर दिखनी चाहिए जिससे अपराधियों के मन में भय व्याप्त हो तथा पुलिस द्वारा चैकिंग अलग-अलग स्थानों पर की जाना चाहिए और चैकिंग के दौरान महिला तथा वुजुर्गों को परेशान न किया जाए। थाना क्षेत्रों में सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने को प्राथमिकता दी जावेगी, क्योंकि कई अपराधों के खुलासे में सीसीटीव्ही से प्राप्त साक्ष्य महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। गुम बालक-बालिकाओं की दस्तायाबी हेतु समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाने के प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर अधिक से अधिक संख्या में गुम बालक-बालिकाओं की दस्तायाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही करें।पत्राकारवार्ता के दौरान आईजी ग्वालियर ने कहा कि गुण्डों-बदमाशों, अवैध उत्खनन और मिलावटखोरों, भू-माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। जहरीली तथा अवैध शराब बनाने तथा बैचने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारियों को पाबंद किया जाएगा तथा उन्होंने कहा कि जहरीली तथा अवैध शराब के प्रति हमारा रवैया जीरो टॉलरेंस का रहेगा। आईजी ग्वालियर ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर हो इसके लिये अन्य एजेन्सियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा।

## एक शाम देश के नाम कार्यक्रम 25 को

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी कारपोरेशन और गायक कलाकार मित्र समूह के संयुक्त तत्वाधान में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को महाराज वाडा स्थित टाउन हॉल में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।यह कार्यक्रम शाम 5-00 बजे से 7-00 बजे तक चलेगा इसमें समूह के सदस्य देश भक्त पूर्ण गीतों की प्रस्तुति देंगे।

# सर्दी के कारण वैक्सीनेशन केन्द्र खाली कोरोना तेज गति से से बढ़ रहा



**ग्वालियर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्शीनेश अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इस अभियान को सर्दी ने फिका कर दिया है। बता दें कि सर्दी की वजह से बच्चे टीका लगवाने केन्द्र नहीं पहुंच रहे है। इसी वजह से अधिकांश केन्द्र खाली पड़े रहते है। बता दें कि इस समय कोरोना का पीक समय चल रहा है, कोरोना के मरीजों में इजाफा ही देखा जा रहा है। ऐसे में वैक्सीन ही एक सुरक्षा कवच है, लेकिन सर्दी के चलते इस सुरक्षा कवच को दरकिनार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को जिले में बच्चों सहित कुल 2411 लोगों को ही टीके लगे है। इसका मुख्य कारण सर्दी है, क्योंकि सर्दी तेज पड़ रही है जिसकी वजह से लोग घरों से कम ही निकल रहे है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग अपील कर रहा है कि जल्द-से जल्द कोरोना का टीका लगवाएं क्योंकि इस समय शहर में प्रतिदिन 600 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। जिसकी वजह से शहर में एक्टिव केस हजारों के पास चले गए है। ऐसे में टीका ही एक सहारा है।

## ज्वार बाजरा की सरकारी खरीद ना होने पर 24 को कलेक्ट्रेट पर होगा प्रदर्शन

**ग्वालियर।** प्रशासन किसानों पर दमन कर रहा है, जिन किसानों के पंजीयन ज्वार और बाजरे के लिए हुए है, उनके पास सोसायटी पर तौल के लिए मेसेज भेजे गए, उनके लिए बारदानों का आवंटन हुआ, बाजरे की तुलाई की गई,अब किसान पर दबाब बनाया जा रहा है कि वह अपनी फसल वापिस ले जाये, अब जबकि एक महीने में तीन चार बार बारिश में अनाज भींग जाने से खराब हो रहा है और प्रशासन अमानक बता रहा है, इसके कारण किसान को बहुत नुकसान होने की संभावना है, इस सवाल पर किसान 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करेंगे, किसान नेता अखिलेश यादव, पीपी शर्मा, तलविन्दर सिंह, रामबबाबू जाटव, गोपाल सिंह गुर्जर, रामकिशन सिंह कुशवाह, आदि ने किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुचने की अपील की है।








# ज्ञान के अभाव में जीवन बिना नाव की बिना पतवार जैसा है : मुनिश्री

**ग्वालियर।** ज्ञान के अभाव में व्यक्ति का जीवन बिना नाव की पतवार जैसा होता है। उसे नहीं मालूम होता वह जो कर रहा है वह उसे कहा ले जाएगा। यह उचित है अथवा अनुचित है, सत्य है अथवा असत्य है। ऐसी ही अज्ञानता के चलते व्यक्ति खुद को अनेक ऐसे संकटों में फंसा लेता है जिनसे बाहर निकलना किसी वरिष्ठ, अनुभवी, ज्ञानी व्यक्ति की मदद के बिना संभव नही होता। यह बात वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज शनिवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग जैन धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।मुनिश्री ने कहा कि हमारे जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला ऐसा गुरू जरूर होना चाहिए, जो हमारे अंदर सम्यक दर्शन, ज्ञान, चारित्र की ज्योति जलाकर हम सभी के मोक्ष मार्ग को प्रशस्त करे। मुनिश्री ने कहा कि बिना गुरु के ज्ञान नहीं मिलता। ज्ञान के अभाव में सत्य असत्य तो दूर वस्तु के स्वभाव का पता भी नहीं चलता।



### मुनिश्री को जिनवाणी भेंट भेंटकर धर्मसभा का शुभारंभ हुआ

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी प्रियंका दीदी ने मंगल चरण कर किया।धर्मसभा से पहले मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज को जिनवाणी ग्रँथ पंकज श्वेता बाकलीवाल ने भेंट किए। मुनिश्री के चरणों में समिति के विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, अनिल जैन, प्रकाशचंद जैन, योगेश बोहरा, आशीष जैन आदि गुरु भक्तों ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री के ऑनलाइन शास्त्र प्रवचन प्रतिदिन 9-00 बजे बजे से होते है।

### 'भोग को नहीं त्याग को आदर्श बनाओ'

मुनिश्री ने कहा आज का इंसान त्याग करने की बजाय भोग पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। सुरा-सुंदरी का चक्कर, पब, बारों आदि में लाखों रुपए लूटा रहा है, मगर धर्म और दान के नाम पर इनके जेब से पांच रुपए नहीं निकलते है। फिर पुण्य की आशा भी करता है। ऐसे लोग ये भूल जाते है कि धन से जीवन धन्य नहीं होता है, इसके लिए धन का परित्याग करना पड़ता है, और इस परित्याग से आने वाले पवित्रता ही पुण्य की प्राप्ति का माध्यम बनती है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478